इंदौर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

■ वर्ष : 5 ■ अंक : 44

■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

सज्जनसिंह का भाजपा सरकार पर तीखा हमला



पेज-2

धुरंधर को मिला एयर इंडिया से खास प्यार



पेज-5

नए स्विमिंग पुल के दिखाए सपने...



पेज-6

## न्यूज ब्रीफ

- दिल्ली में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट जैसे सारे काम आप सरकार को करना चाहिए था : प्रवेश वर्मा
- भारत और ओमान आज मस्कट में फ्री ट्रेड समझौते पर करेंगे हस्ताक्षर
- छतीसगढ़ के सुकमा में एनकाउंटर, पुलिस की कार्रवाई में 3 नक्सली ढेर
- दिल्ली सरकार ने आज से नॉन-बीएस वीआई वाहनों के प्रवेश पर लगाई रोक
- म्यांमार में हिली धरती, 4.4 तीव्रता का आया भूकंप
- दिल्ली में आज से बिना वैध पीयूसी वाहनों को नहीं मिलेगा फ्यूल
- आज से शुरू होगा हरियाणा विधानसभा का शीतकालीन सत्र
- केरल की 2 यूनिवर्सिटी में वीसी की नियुक्ति से जुड़े विवाद पर आज सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट
- लोकसभा की कार्यवाही सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित
- इस हफ्ते के अंत में मियामी में यूक्रेन युद्ध पर बातचीत करेंगे अमेरिका और रूस
- भड़काऊ स्पीच मामले में आजम खान के खिलाफ आज फैसला सुना सकता है कोर्ट

# मंत्रियों और नेताओं के बड़बोले बयानों से नाराज सत्ता संगठन

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी अपने ही मंत्रियों और नेताओं के बयानों से नाराज है। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि बार-बार होने वाले ओवर रिएक्ट और बड़बोले बयान सत्ता-संगठन की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसी मुद्दे पर हाल ही में सीएम हाउस में अहम बैठक हुई, जिसमें नेताओं को साफ संदेश दिया गया कि बोलने में संयम जरूरी है। विवाद से दूरी रखनी होगी।

इस बैठक के बाद मीडिया में यह चर्चा तेज हो गई कि मोहन यादव मंत्रिमंडल में जल्द बदलाव हो सकता है। हालांकि पार्टी के शीर्ष सूत्रों ने ऐसी खबरों को गलत बताया है। फिलहाल मंत्रिमंडल में कोई फेरबदल नहीं हो रहा। मौजूदा टीम ही सरकार का कामकाज संभालेगी। दरअसल, साल 2025 मध्यप्रदेश की राजनीति में मंत्रियों और नेताओं के विवादित बयानों के कारण चर्चा में रहा है। सबसे बड़ा मामला कैबिनेट मंत्री विजय शाह के बयान से जुड़ा, जब उन्होंने पहलगाम हमले के बाद भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर विवादित टिप्पणी की। इस बयान के बाद देशभर में बीजेपी की आलोचना हुई। पार्टी ने तभी अपने नेताओं को संयम बरतने की हिदायत दी थी, लेकिन इसके बाद भी विवाद थमते नजर नहीं आए। इस बैठक के बाद यह भी कहा जाने लगा कि कुछ विवादित और कमजोर प्रदर्शन करने वाले मंत्रियों की कुर्सी खतरे में है। आधा दर्जन मंत्रियों से इस्तीफा लिया जा सकता है। हालांकि पार्टी के एक शीर्ष नेता ने साफ किया कि ऐसी कोई योजना अभी नहीं है। उन्होंने माना कि भविष्य में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन फिलहाल मंत्रिमंडल में कोई परिवर्तन नहीं होगा। निगम-मंडलों में लंबे समय से खाली पड़े पदों पर राजनीतिक नियुक्तियां (निगम-मंडलों की नियुक्ति) जल्द की जाएंगी। पार्टी के भीतर आम सहमति से नाम तय कर लिए गए हैं। पहले चरण में 10 से 12 नामों की घोषणा हो सकती है। यानी मंत्रिमंडल यथावत रहेगा, लेकिन संगठनात्मक संतुलन साधने के लिए निगम-मंडलों में नियुक्तियों का रास्ता साफ हो गया है।



### शाह के बयान से किरकिरी

*हाल ही में मंत्री विजय शाह का एक और बयान चर्चा में आया, जिसमें उन्होंने कहा कि जो लाड़ली बहनें मुख्यमंत्री का सम्मान नहीं करेंगी, उनकी जांच कराई जाएगी। ऐसे ही बयानों को लेकर संगठन के भीतर नाराजगी बढ़ी है। पार्टी का मानना है कि इस तरह की बातें विपक्ष को मुद्दा देती हैं और सरकार की योजनाओं पर पानी फेरती हैं।*

### इन नेताओं ने किया मंथन

*सीएम हाउस में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बीजेपी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा मौजूद रहे। बैठक में सबसे ज्यादा जोर मंत्रियों और नेताओं के सार्वजनिक बयानों पर कंट्रोल को लेकर रहा। संगठन ने साफ कहा कि अब हर स्तर पर अनुशासन दिखना चाहिए।*

**चार सालों में भवन और परिसर के हाल हुए बेहाल**

# बिना प्लानिंग से बने एमटीएच अस्पताल भवन की तबीयत लगी बिगड़ने

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** • महिलाओं के लिए एमवायएच से करीब 3 किमी दूर एमटीएच अस्पताल बनाया गया है। पुराने भवन को तोड़कर नया अस्पताल धीमी रफ्तार से बना था। 2013 में इसकी शुरुआत हुई थी, दो वर्ष में बनना था, लेकिन बनने में ही करीब 6 वर्ष लग गए। ठीक तरह से अस्पताल शुरू हो पाता कि कोविड काल आ गया और करीब दो वर्ष तक यहां कोविड के मरीज भर्ती रही। 325 (महिला) प्लस 75 (एनआईसीयू) बिस्तरों वाला अस्पताल महिलाओं के लिए वर्ष 2022-23 में पूरी तरह से शुरू हो पाया। जबसे यहां एमवायएच पूरा स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग शिफ्ट हुआ, किसी न किसी तरह की परेशानी से मरीज और स्टाफ जूझ रहे हैं। अभी अस्पताल के बने हुए 5 वर्ष भी पूरे नहीं हुए और इसकी हालत खस्ता होना शुरू हो गई। जमीन से टाइल्स उखड़ रहे हैं। इनकी मरम्मत तक नहीं की जा रही है। नहीं हो पा रहा सही तरीके से रखरखाव: अस्पताल का प्रबंधन शुरूआत से स्टाफ की कमी से जूझ रहा है। न नए स्टाफ की भर्ती हो रही है और न ही बराबर आउटसोर्स स्टाफ मिल से रहा है। यही कारण है कि अस्पताल का रख रखाव जैसा होना चाहिए, वैसा नहीं हो रहा है। बीच में जरूर सुधार हुआ, तब डिविजनल कमिश्नर मालसिंह भराड़िया ने लगातार यहां की व्यवस्था सुधारने पर जोर दिया था, अब हालत धीरे-धीरे वैसे ही हो रहे हैं। अस्पताल में प्रायवेट वार्ड नहीं है। सभी जनरल वार्ड हैं, जनरल वार्ड भी ऐसे बनाए गए हैं कि इनकी देख-रेख करने में दिक्कत आती है। वार्ड से काफी दूर टायलेट बने हुए हैं। इसके चलते सीजर वाली महिलाओं को दिक्कत का सामना करना पड़ता है। बिना प्लानिंग का कोई अस्पताल या भवन बना हुए देखना चाहते हैं, तो एमटीएच इसका एक सबसे बड़ा उदाहरण है।




### अस्पताल में सफोकेशन और भीड़

अस्पताल का स्टाफ का कहना है कि अस्पताल की डिजाइन ही गलत है। 400 महिलाएं, वो भी प्रसुताएं या गर्भवती, जिन्हें खुले वातावरण की जरूरत होती है, क्योंकि साफ-सफाई में दिक्कत होती है, लेकिन पूरा अस्पताल भवन कम जगह में बना हुआ है। पूरे अस्पताल में सफोकेशन यानि शुद्ध हवा अस्पताल के अंदर नियमित आ सके, ऐसी व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में कभी भी जाओ भीड़ नजर आती है। अस्पताल एमवायएच से करीब तीन किलोमीटर दूर इसके चलते स्टाफ और परिजन दोनों परेशान होते रहते हैं।

## पूर्व विधायक और कांग्रेस के दिग्गज नेता के इस्तीफे से प्रदेश कांग्रेस में हड़कंप!

**अहमदाबाद (एजेंसी)** • कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों की 16 दिसम्बर को घोषणा हुई और घोषणा होने के चंद घंटों के बाद ही रतलाम जिला कांग्रेस अध्यक्ष हर्षविजय गेहलोत ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है गेहलोत के इस्तीफे से प्रदेश कांग्रेस में सनसनी फैल गई है। एक ओर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अपनी जमीनी सतह मजबूत करने के लिए प्रदेश भर में ब्लॉक अध्यक्षों की घोषणाएं कर रही हैं और 16 दिसम्बर को जारी पत्र में रतलाम जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लाक अध्यक्षों की घोषणा की गई थी।

यह सिलसिला चल रहा था वहीं दूसरी तरफ रतलाम जिले के दिग्गज नेता हर्षविजय गेहलोत जो सैलाना के पूर्व विधायक भी रहे हैं और कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर काबिज हैं। हर्षविजय गेहलोत ने अपना रिजाइन लेटर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को भेजा है। इस लेटर में उन्होंने इस्तीफा देने के पीछे निजी कारण बताए हैं। हर्षविजय गेहलोत की ओर से इस्तीफा पीसीसी चीफ जीतू पटवारी को भेजा है। दिए गए इस्तीफे में गेहलोत ने कहा है कि पारिवारिक दायित्व और विधानसभा क्षेत्र के दायित्वों के चलते जिलाध्यक्ष पद के दायित्व को पूर्ण नहीं कर पा रहा हूँ। दोनों कारणों के चलते जिलाध्यक्ष पद से इस्तीफा दे रहा हूँ!

## सबसे पहले इंदौर से उज्जैन के बीच प्रारंभ होगी मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश की नई मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा में अब दो शघरों के बीच हर 60 से 100 किलोमीटर पर यात्रियों को रेस्टोरेंट, सुपर मार्केट, चार्जिंग स्टेशन, वेटिंग रूम, क्लीन वाटर, टॉयलेट पार्किंग के साथ अन्य यात्री सुविधाएं मिलने वाली है। इसके लिए परिवहन विभाग ने पीपीपी मॉडल तैयार कर लिया है। इसमें निजी डेवलपर को 2 से 10 एकड़ तक जमीन सरकार द्वारा दी जाएगी जिसमें वह इन सुविधाओं को विकसित करेंगे। बची हुई जमीन पर वह आवासीय अथवा गैर आवासीय निर्माण करके अपना खर्च जुटा सकेंगे। इन सुविधाओं का नाम वे साइड दिया जाएगा। अप्रैल से जून 2026 के बीच इंदौर और उज्जैन के बीच मुख्यमंत्री सुगम बस परिवहन सेवा प्रारंभ कर दी जाएगी।

# ब्लड बैंक में आए दानदाताओं के ब्लड में निकला एचआईवी संक्रमण!

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** • मध्य प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा छिंदवाड़ा में दो दर्जन से अधिक बच्चों की जान लेने वाले कथित 'जानलेवा' कफ सिरप कोल्ड्रिफ का पता लगाने के लिए जिलों में दुकानदारों से संपर्क करने के मुश्किल से दो महीने बाद, विभाग एक और मिशन पर है - सतना रक्त बैंक में दानदाताओं का पता लगाने के लिए, जहां से छह थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों को रक्त आधान के बाद एचआईवी से संक्रमित होने का संदेह है।

राज्य सरकार द्वारा इस मामले की जांच के लिए गठित विशेषज्ञ पैनल के एक सदस्य ने टीओआई को बताया,



'दानदाताओं का पता लगाना एक बेहद चुनौतीपूर्ण कार्य है। जांच में यह भी देखा जाएगा कि रक्त आधान और दानदाताओं से रक्त संग्रह के दौरान सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया गया था या नहीं। टीओआई के पास उपलब्ध रिकॉर्ड से पता चलता है कि बच्चों में इस साल मार्च और अप्रैल में ही एचआईवी पॉजिटिव होने की पुष्टि हो गई थी, फिर भी यह मामला महीनों तक दबा रहा। प्रभावित बच्चों का एचआईवी का इलाज चल रहा था, लेकिन दानदाताओं का पता लगाने के प्रयास काफी बाद में तेज हुए। छह बच्चों के रक्त आधान से जुड़े होने के संदेह में लगभग 250 दानदाताओं में से मार्च-अप्रैल और दिसंबर के बीच केवल 125 का ही पता लगाया जा सका। एक स्वास्थ्य विशेषज्ञ ने द्वितीयक संक्रमण के जोखिमों की ओर इशारा करते हुए कहा, 'यह बिल्कुल सही है कि यदि कोई संक्रमित व्यक्ति अज्ञात रहता है, तो वह दूसरों के लिए भी खतरा बन सकता है।'

## सीएनजी और पीएनजी रेट 1 जनवरी से घटेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • नए साल 2026 की शुरुआत भारतीय उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी होने वाली है. पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) ने टैरिफ में सुधार की घोषणा की है, जिससे देशभर में सीएनजी (कंप्रेस्ड नेचुरल गैस) और पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की कीमतों में 2 से 3 रुपये प्रति यूनिट की कमी आएगी. पीएनजीआरबी के सदस्य ए.के. तिवारी ने एक विशेष इंटरव्यू में बताया कि रेगुलेटर ने गैस वितरण के स्ट्रक्चर को सरल बना दिया है. पहले टैरिफ दूरी के हिसाब से तीन जोन में बंटा था, जिसे अब घटाकर दो ज़ोन कर दिया गया है.

## शेष बचे 14 दिन... साल 2025 की यादें होगी ताजा 'दैनिक इंदौर संकेत' के साथ



**इंदौर ● दैनिक इंदौर संकेत।** मई माह की 23 तारीख को एक ऐसी घटना हुई, जिसमें इंदौर शहर का नाम फिर से राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हुआ, लेकिन इस बार यह नाम एक शर्मनाक घटना के कारण चर्चा में आया। यह घटना थी इंदौर के रहने वाली सोनम ने अपने कथित प्रेमी और तीन कॉन्ट्रैक्ट किलर्स की मदद से अपने ही राजा की हनीमून के दौरान हत्या करवाई थी।

**बड़ी धांधली** ज्यादातर बांग्लादेशी घुसपैठिए! मचा सियासी घमासान

# बंगाल में खेला : 1.90 करोड़ संदिग्ध मिले

**नई दिल्ली (एजेंसी)** • पश्चिम बंगाल की वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट जारी होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। ड्राफ्ट में 58 लाख से ज्यादा लोगों के नाम काटे गए हैं। 1.90 करोड़ से ज्यादा वोटरों को संदिग्ध कैटगरी में रखा गया है। प्रदेश में कुल वोटर 7 करोड़ 66 लाख हैं। दावा किया जा रहा कि इन संदिग्ध वोटरों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। चुनाव आयोग ने विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान भरे गए एन्यूमेरेशन फॉर्म्स की जांच से कई गड़बड़ियां पकड़ी हैं।

इतनी बड़ी संख्या में लोग संदिग्ध कैटगरी में रखे गए हैं, क्योंकि एन्यूमेरेशन फॉर्म में दी गई जानकारी संदेह पैदा करने वाली है। आयोग को 12 लाख ऐसे फॉर्म मिले, जिनमें पिता और बच्चे की उम्र का अंतर 15 साल से कम है। देश में शादी की कानूनी उम्र 18 साल है तो पिता और बच्चे की उम्र में 15 साल का अंतर कैसे हो सकता है? ऐसे ही 8.77 लाख से ज्यादा फॉर्म में पेरेंट्स और बच्चों की उम्र का अंतर 50 साल से ज्यादा है। 3 लाख से ज्यादा फॉर्म में दादा-दादी और पोते-पोती की उम्र का अंतर 40 साल से कम है। 85 लाख फॉर्म में पिता का नाम या तो दर्ज नहीं या रिकॉर्ड से मैच नहीं हो रहा।



### 6 या उससे ज्यादा बच्चे वालों का 24 लाख से ज्यादा फॉर्म

*डेटा एनालिसिस में बच्चों की संख्या 6 या उससे ज्यादा वाले 24 लाख से ज्यादा फॉर्म मिले हैं। 45 साल से ज्यादा उम्र के 20 लाख लोगों ने पहली बार वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन किया। ये मामले संदिग्ध कैटगरी में हैं। अब चुनाव आयोग जिला स्तर पर इनकी जांच करा रहा, ताकि डेटा एंट्री में गलती हुई हो तो सुधार किया जा सके। ये फर्जी वोटर या घुसपैठिए साबित हुए तो उनकी पहचान हो सके।*

# सज्जनसिंह वर्मा का भाजपा सरकार पर तीखा हमला, महापौर को बताया 'एक्सीडेंटल मेयर'



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री और कांग्रेस नेता सज्जनसिह वर्मा ने बुधवार को इंदौर में प्रेसवार्ता कर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। वर्मा ने महापौर को 'एक्सीडेंटल मेयर' बताते हुए कहा कि उन्हें साढ़े छह किमी लंबे एलिवेटेड ब्रिज की एबीसीडी तक की जानकारी नहीं है। वर्मा ने आरोप लगाया कि 288 करोड़ रुपए की लागत से प्रस्तावित एलिवेटेड ब्रिज को पहले भाजपा ने ही रद्द किया और बाद में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उसे फिर से अनुमति दे दी। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ब्रिज पहले ही बन जाता तो किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता, लेकिन अब इससे करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया गया है। बीआरटीएस को लेकर वर्मा ने कहा कि इसका निर्माण इस तरह किया गया कि बारिश के दौरान उसमें पानी भर जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा महापौर कार्यकाल में ही स्विमिंग पूल घोटाला भी सामने आया। वर्मा ने कहा कि वे लाठी उठाकर मारने नहीं जाएंगे, लेकिन जनता को सच्चाई समझनी होगी, क्योंकि पूरे शहर में सड़कों की खुदाई से लोग परेशान हैं।

एसआईआर सर्वे और मतदाता सूची के मुद्दे पर वर्मा ने दावा किया कि इंदौर से करीब पांच लाख मतदाता गायब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में भाजपा और चुनाव आयोग मिलकर नरेटिव सेट कर रहे हैं। वर्मा ने बताया कि वे इस विषय को लेकर भोपाल में राज्य निर्वाचन आयोग से मिल चुके हैं और जरूरत पड़ने पर केंद्रीय चुनाव आयोग को भी अवगत कराएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### हेमलता मुकाती को सौंपा गया किला मैदान कन्या छात्रावास का प्रभार

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • प्रशासनिक कार्य व्यवस्था की दृष्टि से जनजातीय कार्य विभाग इंदौर की उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती हेमलता मुकाती को नवीन पोस्ट मेट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास किला मैदान इंदौर के अधीक्षक का प्रभार सौंपा गया है। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के आदेशानुसार यह आदेश जारी किये गये है।

### कारुण्य पेलिएटिव केयर के लिए आयुष डॉक्टरों की ट्रेनिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कैंसर, लकवा जैसी गंभीर बीमारियों के लिए भारत सरकार, राष्ट्रीय आयुष मिशन जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इंदौर जिले में कारुण्य प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है, जिसमें इंदौर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गंभीर बीमारियों के मरीजों को घर पहुंच इलाज एवं अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएगी, ताकि वह अपना जीवन आसानी से बिता सके। इस कार्य के लिए बुधवार को 55 आयुष डॉक्टर को शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में ट्रेनिंग दी गई। मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर अजीत पाल सिंह चौहान प्राचार्य एवं विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर हंसा बारिया, जिला आयुष अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ श्वेता वर्मा, डॉ नीरज कानूनगो, डॉ अजीत ओझा एवं डॉ अनुराग भट्ट ने पेलिएटिव केयर पर व्याख्यान दिया।

### यातायात श्रमिकों की सुरक्षा के लिये लगाया गया विशेष शिविर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर में श्रम विभाग द्वारा यातायात श्रमिकों के लिये लगातार शिविर लगाये जा रहे है। इसी सिलसिले में आज तीन इमली क्षेत्र में पर्पल प्रसन्ना लिमिटेड में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में यातायात श्रमिकों की आखों की निःशुल्क जांच की गई तथा उन्हें सुरक्षा संबंधी उपायों और नियम-कानूनों के बारे में बताया गया। सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती मेघना भट्ट ने बताया कि श्रमिकों को श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अधिनियमों के प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही ई श्रम पंजीयन के लाभ से अवगत कराते हुए कतिपय श्रमिकों के ई श्रम पंजीयन की कार्यवाही भी की गई। विशेष रूप से मोटर परिवहन श्रमिक अधिनियम, 1961 के अंतर्गत श्रमिकों को प्रदत्त सुविधाओं जैसे- स्वास्थ्य एवं सुरक्षा प्रावधान, कार्य के घंटे एवं विश्राम अवकाश, वार्षिक अवकाश, कल्याण सुविधाएँ जैसे कैंटीन, प्राथमिक चिकित्सा एवं आराम कक्ष के बारे में विस्तार से समझाया गया।

### मध्यप्रदेश को विकसित राज्य बनाने के संबंध में विधानसभा में चर्चा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को विधानसभा में एक दिन के विशेष सत्र में अपने वक्तव्य में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत-2047 के विकास का विजन दिया है। हमें विकसित मध्यप्रदेश @2047 को ध्यान में रखकर आलोचनाओं से हटकर प्रगति के सुझाव को प्राथमिकता देनी होगी। इसमें सदन के प्रत्येक सदस्य का सुझाव महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि जब भारत 2047 में आजादी के 100 वर्ष पूरा करेगा, तब इतिहास पूछेगा मध्यप्रदेश ने अपने हिस्से की जिम्मेदारी किस तरह से निभाई है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट, सिंहस्थ-2028 की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये राम वन पथ गमन और श्रीकृष्ण पाथेय का विकास किया जा रहा है। मध्यप्रदेश ने आर्थिक विकास, पर्यटन, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, नवाचार, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक गौरव के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# खजराना गणेश मंदिर में दान का नया रिकॉर्ड, चढ़ावे में आए 1.78 करोड़



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • देश-विदेश में प्रसिद्ध खजराना गणेश मंदिर में तिल चतुर्थी से पहले दान पेटियों की गिनती का कार्य सात दिनों तक चला, जो मंगलवार देर शाम पूर्ण हुआ। इस दौरान भक्तों ने भगवान गणेश को कुल 1 करोड़ 78 लाख 26 हजार 684 रुपये की राशि अर्पित की। दान में भारतीय मुद्रा के साथ विदेशी मुद्रा, चलन से बाहर हो चुकी करेंसी और भगवान के लिए चढ़ाए गए चांदी के आभूषण भी शामिल हैं।

दान पेटियों की गिनती पूरी तरह सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में की गई। यह प्रक्रिया ट्रेजरी अधिकारी, नगर निगम के कर्मचारियों और बैंक कर्मियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। गिनती के दौरान दान पेटियों से बड़ी संख्या में पत्र भी निकले, जिनमें श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश से अपनी मनोकामनाएं और भावनाएं साझा की हैं।

पिछले 11 वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो वर्ष 2024 में खजराना गणेश मंदिर को अब तक की सबसे अधिक दान राशि प्राप्त हुई है। वहीं कोरोना काल के दौरान वर्ष 2020 में सबसे कम दान दर्ज किया गया था। इससे पहले चार माह पूर्व 1 अगस्त को दस दिन चली गिनती में मंदिर को 1 करोड़ 68 लाख रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। मंदिर में हर वर्ष तीन बार दान पेटियों की गिनती की जाती है। मंदिर परिसर में कुल 43 दान पेटियां स्थापित हैं। प्रबंध समिति के मैनेजर घनश्याम शुक्ला ने बताया कि गिनती के बाद प्राप्त पूरी राशि को मंदिर के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और यूनियन बैंक के खातों में जमा करा दिया गया है। इसके बाद सभी दान पेटियों को पुनः सील कर निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर रख दिया गया।

दान पेटियों से निकले पत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं द्वारा भगवान से की गई प्रार्थनाओं का सिलसिला अंतिम दिन तक जारी रहा। पश्चिम क्षेत्र में रहने वाली एक मां ने पत्र के माध्यम से अपनी बेटी का ट्रांसफर धामनोद से इंदौर कराने की गुहार भगवान गणेश से लगाई है। इसके अलावा अन्य पत्रों में नौकरी, पारिवारिक विवादों के समाधान और सुख-समृद्धि की कामनाएं व्यक्त की गई हैं।

# लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा तक सड़क निर्माण के बाधक 7 दिन में हटाएं

## आयुक्त ने किया निरीक्षण दिए निर्देश, एसटीपी निर्माण का भी किया अवलोकन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आयुक्त दिलीप कुमार यादव द्वारा बुधवार को प्रातः काल जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तिराहा तक बनने वाली सड़क का निरीक्षण किया गया, सड़क निर्माण के संबंध में जानकारी लेते हुए आयुक्त द्वारा सड़क निर्माण कार्य में बाधक निर्माण हटाने के लिए आगामी 7 दिन तक अनाउंसमेंट करते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



इसके पूव आयुक्त यादव ने किला मैदान मंडी बोर्ड कार्यालय के पीछे (लक्ष्मी बाई प्रतिमा के पास) स्थित एसटीपी एवं जिंसी चौराहा से लक्ष्मीबाई प्रतिमा तक सड़क निर्माण के संबंध में तथा गांधी हाल का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा गांधी हाल का निरीक्षण किया गांधी हाल में लाइट सुधार, सफाई व्यवस्था, मेंटेंशन एवं अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयुक्त यादव द्वारा प्रातः काल मंडी बोर्ड कार्यालय के पीछे (लक्ष्मी बाई प्रतिमा के पास) स्थित 35 एमएलडी के निर्माणाधीन एसटीपी का अवलोकन किया गया। विदित हो कि 1 किमी लंबी नई 1200 मिमी व्यास की पाइप बिछाकर मौजूदा 1600 मिमी लाइन को प्रस्तावित एमपीएस से जोड़ा जाएगा, 200 मीटर लंबी राइजिंग मेन लाइन डाली जाएगी। इस संबंध में आयुक्त द्वारा संबंधित एजेंसी को कार्य को समय सीमा एवं लक्ष्य के साथ करने एवं कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए गए। लक्ष्मी बाई प्रतिमा के पास स्थित पुलिया के पास डाली जा रही सीवरेज लाइन का निरीक्षण किया गया और दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, अर्थ जैन, नरेंद्र नाथ पांडेय, कार्यपालन यंत्री अश्विन जनवदे, पीएस कुशवाह, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए इंदौर में एक साथ अनेक जगहों पर छापामार कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर जिले में सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में आज जिले के अनेक क्षेत्रों में फटाखों के अवैध रूप से क्रय विक्रय, भण्डारण तथा निर्माण करने वालों के विरूद्ध मुहिम चलाकर कड़ी कार्रवाई की गई। आज जिले के हातोद में भी बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध रूप से संग्रहित लगभग 100 किलो बारूद जप्त किया गया। यहां अवैध रूप से फटाखों का निर्माण किया जा रहा था। हातोद में अवैध रूप से बना हुआ गोदाम भी ध्वस्त कर दिया गया। इसके साथ ही सार्वजनिक सुरक्षा को देखते हुए इंदौर में एक साथ अनेक जगहों पर छापामार कार्रवाई की गई। इसमें बड़ी मात्रा में बारूद और अवैध फटाखे जप्त किये गये। कई फेक्ट्री/गोडाउन और दुकान सील की गई। अवैध निर्माण भी ध्वस्त किये गये। आरोपियों को गिरफ्तार भी किया गया है।

यह कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में एडीएम श्री रोशन राय सहित अन्य राजस्व अमले द्वारा की गई। बताया गया कि हातोद में बड़ी कार्रवाई की गई है। यहां से दो लोडिंग वाहन भी जप्त किये गये है। आरोपी राहुल अग्रवाल के विरूद्ध एफआईआर की कार्रवाई की गई है। आरोपियों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है। एसडीएम विनोद राठौर ने बताया कि प्रशासन की नजरों से बचने के लिए फार्म हाउस में अवैध फटाखा फैक्ट्री चलाई जा रही थी। गाय का शेड बनाकर 08 गाय भी पाली जा रही थी। जिससे लोगों को आभास हो कि फार्म हाउस में गाय पाली जा रही है। एसडीएम श्री विनोद राठौर ने बताया कि कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अनिल पटेल, लोकेश आहूजा सहित पूरी टीम मौजूद थी। उन्होंने बताया कि ग्राम सोनगिर तहसील हातोद स्थित चावड़ा कृषि फार्म हाउस जो लगभग 10 हजार वर्ग फीट क्षेत्रफल में बना हुआ है। यह फार्म हाउस कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 26 रकबा 3.153 हेक्टेयर जो भूमि स्वामी हितेंद्र सिंह पिता बहादुर सिंह एवं आदित्यराज पिता बहादुर सिंह निवासी ग्राम सोनगिर के नाम पर है। इनके खेत पर बना है। इस फार्म हाउस को राहुल पिता रमेश अग्रवाल 41/1 विद्या पैलेस कॉलोनी इंदौर द्वारा 26 मार्च 2025 से कृषि भूमि किराये पर लेने का अनुबंध किया। इसके पश्चात राहुल द्वारा यहाँ शेड का निर्माण किया गया। शेड निर्माण होने के पश्चात अवैध पटाखा फैक्ट्री जिसमें सुतली बम बनाने का कार्य किया जा रहा था।

### राऊ क्षेत्र में फटाखो के अवैध रूप से विक्रय करने पर दुकान सील

*जिले में अवैध रूप से संचालित गतिविधियों के विरुद्ध कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज राऊ क्षेत्र के प्रशासनिक अमले ने दो स्थानों पर प्रभावी कार्रवाई की है। पटाखों का अवैध रूप से विक्रय किए जाने पर एक पटाखा विक्रय संस्थान को सील किया गया है। साथ ही एक अन्य कार्रवाई में सुरक्षा संबंधी अनियमितताएं पाए जाने पर ग्रो वेल फीड प्रोडक्शन यूनिट को भी सील कर दिया गया है। राऊ क्षेत्र के एसडीएम श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि जांच के दौरान अवैध रूप से पटाखों का विक्रय करते पाए जाने पर चांद सितारा पटाखा हाउस के विरुद्ध कार्रवाई की गई और प्रतिष्ठान को सील किया गया। इसी तरह एक अन्य निरीक्षण की कार्रवाई में ग्रो वेल फीड प्रोडक्शन यूनिट में आवश्यक अनुमति एवं निर्धारित मापदंडों का पालन नहीं किया जाना पाया गया, जिस पर प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए यूनिट को सील किया गया।*

# घरेलू हिंसा के खिलाफ मुखर हुए बच्चे, पोस्टर्स और रैलियों से दिए महिला सुरक्षा के संदेश



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इनर व्हील क्लब ऑफ इंदौर अपटाउन ने ओएसिस कॉलोनी और कबीर खेड़ी बस्ती में घरेलू हिंसा के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए। यह कार्यक्रम ओरेंज द वर्ल्ड अभियान का हिस्सा रहा, जिसमें स्थानीय स्कूली बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। द एमराल्ड हाइट्स इंटरनेशनल स्कूल और उड़ान स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियों, संवादों, रैलियों और पोस्टर्स के माध्यम से समाज को मजबूत संदेश दिए। कार्यक्रम में उन्होंने बताया कि महिलाएं किन-किन प्रकार की हिंसा व प्रताड़ना का सामना करती हैं और घरेलू हिंसा व मानसिक शोषण उनकी प्रगति को किस तरह रोकते हैं।

बच्चों ने यह भी समझाया कि लड़कियों के अधिकार क्या हैं, उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण देना क्यों जरूरी है और शिक्षा, सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा स्वावलंबन उनके जीवन में कितना महत्वपूर्ण स्थान रखते हैं। बच्चों के नाट्य-प्रदर्शन और स्पष्ट संदेशों ने उपस्थित लोगों को गहराई से प्रभावित किया। उनकी दमदार प्रस्तुति ने यह दर्शाया कि नई पीढ़ी महिलाओं के खिलाफ हिंसा और लैंगिक असमानता को लेकर जागरूक और मुखर है। क्लब की सचिव डॉ. अराधना सहाय ने बताया कि इस अभियान का मुख्य संदेश था कि महिलाओं और बालिकाओं के प्रति किसी भी प्रकार की हिंसा अस्वीकार्य है और मिलकर ही समाज में बदलाव लाया जा सकता है।

# पति की हत्या करने वाली सोनम ने मांगी जमानत

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • अपने पति की हत्या के आरोप में शिलांग की जेल में बंद सोनम रघुवंशी ने कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई है। सोनम ने अपने प्रेमी राज व उसके तीन दोस्तों के साथ सात माह पहले राजा की हत्या कर शव को खाई में फेंक दिया था। सोनम की जमानत पर राजा रघुवंशी के परिवार ने आपत्ति ली है। उनका कहना है कि इस केस में गवाहों के बयान चल रहे है। यदि सोनम को जमानत दी जाती है तो वह गवाहों को प्रभावित कर सकती है।

कोर्ट ने जमानत पर फैसला नहीं लिया है और अगले माह इस मामले में सुनवाई होगी। राजा के भाई विपिन ने कहा कि सोनम एक शातिर महिला है। उसने राजा की हत्या की योजना बनाई थी और हनीमून के बहाने शिलांग ले जाकर हत्या की थी।

देशभर में चर्चित राजा रघुवंशी हत्याकांड केस में कोर्ट ने ट्रायल शुरू कर दिया है। पहले राजा के भाई विपिन के तीन दिन तक कोर्ट ने बयान लिए और उसने राजा व सोनम की गुमशुदगी, सोनम के बर्ताव, शादी के बाद बाहर जाने की प्लानिंग सहित अन्य मामलों की जानकारी ली थी। इसके अलावा सोनम की दो सहेलियों के बयान भी कोर्ट में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए हुए है।

इस केस में आरोपियों का साथ देने वाले प्रॉपर्टी ब्रोकर, सुरक्षा गार्ड और फ्लैट मालिक फिलहाल जमानत पर बाहर है। शिलांग पुलिस तीनों आरोपियों के खिलाफ अगल से चार्जशीट पेश करेगी। तीनों ने सोनम के फ्लैट से सबूत मिटाने, उसका बैग जलाने और पिस्तौल नाले में फेंकने का काम किया था।

# युवक-युवती परिचय सम्मेलन 11 जनवरी 2026 को इंदौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • समाज को संगठित, सशक्त और भविष्य के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए आदर्श पूर्वी कोरी समाज, इंदौर के संरक्षक, वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी हीरालाल वर्मा 'प्रेमी' ने समाजजनों से एकजुट होकर संगठनात्मक चेतना को मजबूत करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि आज का युग प्रतिस्पर्धा, सूचना और अवसरों का युग है, ऐसे में संगठित और जागरूक समाज ही अपनी पहचान, सुरक्षा और उन्नति सुनिश्चित कर सकता है। हीरालाल वर्मा 'प्रेमी' ने इंदौर से जारी अपने राष्ट्रीय-वैश्विक सामाजिक संदेश में कहा कि समाज संगठन केवल पदों और बैठकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह समाज की सामूहिक शक्ति, दिशा और भविष्य का आधार बनना चाहिए।

# 4.9 डिग्री पर ठिठुरा इंदौर, कोहरे ने रोकी ट्रेनों की रफ्तार, फ्लाइट्स भी हुई कैंसिल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश में कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के साथ एक बार फिर शीतलहर का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को प्रदेश के कई शहरों में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। इंदौर, उज्जैन और देवास में घने कोहरे के साथ तेज ठंडी हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से सड़क यातायात के साथ-साथ हवाई और रेल यातायात भी बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वाहन चालकों को कोहरे के दौरान सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।



इंदौर में ठंड ने तीखे तेवर दिखाए हैं और तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मंगलवार रात और बुधवार सुबह शहर का न्यूनतम तापमान 5 डिग्री के नीचे चला गया और 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यह सामान्य तापमान से 5.8 डिग्री कम है। वहीं बुधवार को दिन का पारा 27.9 डिग्री रहा। इससे पहले मंगलवार को दिन का तापमान 26.6 डिग्री था, लेकिन रात भर चली तेज ठंडी हवाओं ने पारे को नीचे गिरा दिया। सुबह के वक्त शहर में घना कोहरा छाया रहा, हालांकि बाद में तेज धूप निकलने से लोगों को थोड़ी राहत जरूर मिली। घने कोहरे और कम दृश्यता की मार यातायात व्यवस्था पर पड़ी है। इंदौर आने-जाने वाली कई फ्लाइट्स निरस्त करनी पड़ी हैं और देशभर में कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चल रही हैं। उत्तर भारत, विशेषकर दिल्ली में खराब मौसम और घने कोहरे का सीधा असर मध्य प्रदेश के रेल यातायात पर पड़ा है। दिल्ली से भोपाल और इंदौर की ओर आने वाली ट्रेनें लगातार दूसरे दिन घंटों की देरी से पहुंचीं।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 18 दिसंबर 2025

# विधानसभा सत्र : मंत्री ने औद्योगिक विकास के लिए मोहन की सराहना... सीएम बोले- 5 साल में ढाई लाख सरकारी भर्तियां करेंगे

**भोपाल (एजेंसी)** • मप्र विधानसभा के 69 साल पूरे होने पर बुधवार को विधानसभा का विशेष सत्र आहूत किया गया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मध्यप्रदेश की स्थापना से लेकर अब तक रहे 17 मुख्यमंत्रियों और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने पहले सीएम पंडित रविशंकर शुक्ल से लेकर सबसे लंबे कार्यकाल वाले शिवराज सिंह चौहान तक की कार्यशैली और उपलब्धियों का उल्लेख किया। इनमें भाजपा और कांग्रेस दोनों पार्टियों के मुख्यमंत्री शामिल रहे। जब मौजूदा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बारी आई, तो विजयवर्गीय का अंदाज बदला। उन्होंने कहा- 'मौजूदा युग मोहन यादव का है। अभी टी-20 क्रिकेट चल रहा है। जैसे कप्तान सूर्यकुमार मैदान में उतरते ही खिलाड़ियों को किट बांटते हैं, वैसे ही हमारे कप्तान हैं। फर्क बस इतना है कि हमारे कप्तान खुद सूट-बूट में आ गए हैं। हम सब गरीब ऐसे ही बैठे हैं।' इतना कहते ही सदन में ठहाके गूंज उठे। विपक्ष की ओर से विधायक महेश परमार ने चुटकी लेते हुए कहा कि यह किट पूरे 230 विधायकों को मिलनी चाहिए। विजयवर्गीय ने औद्योगिक विकास के लिए मोहन के प्रयासों की भी सराहना की।



### 3000 रुपए की बात मत करो, हम लाड़ली बहना को 5 हजार तक ले जाएंगे - सीएम

विधानसभा के विशेष सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विपक्ष को लाड़ली बहनों की चिंता नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष जहां 3000 रुपए देने की बात कर रहा है। लेकिन हमारी सरकार लाड़ली बहनों को आगे चलकर 5000 रुपए तक सहायता देगी। इसी तरह बेरोजगारी पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के पास 2047 तक का रोडमैप है। उन्होंने बताया कि सरकारी विभागों में एक साल के भीतर एक लाख और पांच साल में ढाई लाख पदों पर भर्ती की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष द्वारा 2026 की गारंटी मांगे जाने पर सीएम ने कहा कि सरकार के पास अपने संकल्प पत्र के वादों को 2028 तक पूरा करने का समय है। वह तय समय पर इन्हें पूरा करेगी।

# मालवा-निमाड़ में छतों से बिजली तैयार करने वाले अब 47200

## सबसे ज्यादा इंदौर नगरीय सीमा में 23200 स्थानों पर रूफ टॉप सोलर संयंत्र स्थापित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पश्चिम मप्र यानि मालवा, निमाड़ में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर यानि परिसरों की छतों से सौर ऊर्जा उत्पादन करने वालों की संख्या में सतत बढ़ोत्तरी हो रही है। अब पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीन 47200 स्थानों पर सौर ऊर्जा उत्पादन हो रहा है। रूफ टॉप सोलर नेट मीटर क्षमता अब 330 मैगावाट के पार हो चुकी है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लागू होने के बार रूफ टॉप सोलर लगाने वालों की संख्या में भारी बढ़ोत्तरी की स्थिति निर्मित हुई है। इसी कारण दिसंबर मध्य तक रूफ टॉप सोलर नेट मीटर अपनाने वालों की कुल संख्या 47200 के पार हो चुकी है। इसमें से निम्नदाब से संबंधित उपभोक्ता 46600 एवं उच्चदाब से संबंधित उपभोक्ता 600 की संख्या में है, जिनके परिसर में सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र स्थापित है। सौर ऊर्जा उत्पादन में मप्र में सबसे ज्यादा इंदौर नगरीय सीमा में सबसे ज्यादा 23200 स्थानों पर सोलर संयंत्र है। मध्य शहर के साथ ही बायपास, सुपर कारिडोर इत्यादि क्षेत्रों में भी प्रतिमाह बिजली कंपनी के उपभोक्ता सोलर के प्रति आकर्षित होकर संयंत्र स्थापित करा रहे है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को पात्रतानुसार केंद्र शासन 78 हजार रूपए की सब्सिडी भी प्रदान कर रहा है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में मालवा निमाड़ में 30500 स्थानों पर संयंत्र लग चुके है, जबकि 29 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को 225 करोड़ रूपए से ज्यादा की सब्सिडी प्राप्त हो चुकी है। सोलर लगाने वाले उपभोक्ताओं के दस्तावेजीकरण उपरांत प्रतिदिन सब्सिडी डीबीटी माध्यम से मिल रही है, समय पर सब्सिडी मिलने से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रति रूझान भी ज्यादा है।

### कहां कितने सोलर संयंत्र

| | |
|---|---|
| इंदौर नगरीय सीमा में | 23200 |
| उज्जैन जिला | 4600 |
| रतलाम जिला | 3000 |
| देवास जिला | 2950 |
| खरगोन जिला | 2400 |
| मंदसौर जिला | 1850 |
| बड़वानी जिला | 1825 |
| नीमच जिला | 1640 |

सर्कल फोरम ने किया विद्युत संबंधी 32 शिकायतों का समाधान

# अग्रसैन सोशल ग्रुप का 39 वां दो दिवसीय युवा परिचय सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मीरा गार्डन राजीव गांधी चौराहा पर आयोजित होगा। अंतिम रूप से 1680 प्रविष्ठियों का प्रकाशन परिचय पुस्तिका में किया गया है। इसमे 1200 से अधिक उच्च शिक्षित युवक युवतियां हैं जो डॉक्टर इंजीनियर सी एस सी ए या अन्य प्रोफेशनल एवं उद्योगपति व्यवसायी हैं। परिचय सम्मेलन की व्यस्थाओ को लेकर आयोजित मीटिंग में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल ने शादी की बढ़ती उम्र पर चिंता व्यक्त की एवं कहा की सभी अभिभावक अपने बच्चों की शादी 25 वर्ष की उम्र के पहले करे। यह व्यवहारिक रूप से तो जरूरी है ही मेडिकल साइंस भी यही कहता हैं।

ग्रुप समन्वयक राजेश गर्ग प्रमुख संचालक शिव जिन्दल ने बताया की वास्तव मे शादी की उम्र बढ़ रही हैं। अभी



प्राप्त युवकों की 910 प्रविष्ठियों की औसत उम्र 29 साल आ रही हैं जबकी यह गत वर्ष 28 के करीब थी इसी प्रकार युवतियों की 712 प्रविष्ठियों में युवतियों की औसत उम्र 27 वर्ष आ रही है जो गत वर्ष 26 के आसपास थी। कई प्रत्याशी से बात करने पर पता चला की अब युवक युवती पहले जॉब या बिजनेस में सेटल हो जाने के बाद शादी करना पसंद कर रहे हैं जबकि शिक्षा भी पहले से ज्यादा समय ले रही हैं। पहले माता पिता की पसंद महत्वपूर्ण थी अब शिक्षा एवं जॉब प्रोफाईल के आधार पर युवक युवती की पसंद महत्वपूर्ण होती हैं।

ग्रुप अध्यक्ष कमलेश मित्तल महामंत्री राजकुमार बंसल संयोजक राजू बंसल ने बताया की ग्रुप के पास 45 वर्ष से अधिक के अविवाहित युवक की प्रविष्ठि आयी है वही 44 वर्ष की अविवाहित युवती की प्रविष्ठि भी ग्रुप को मिली है। 24 वर्ष की शादी के बाद डिवोर्स वाली युवती की भी प्रविष्ठि मिली हैं। सम्मेलन में 50 से अधिक विधवा विधुर तलाकशुदा की प्रविष्ठि भी ग्रुप को मिली है। जिनका परिचय 22 दिसंबर की शाम 4 बजे अलग से करवाया जाएगा।

# नशामुक्ति और अनुशासन का आह्वान, राष्ट्रीय टी-10 विजेताओं के सम्मान में सिमरोल में आयोजन



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • हिमाचल प्रदेश के जिला हमीरपुर अंतर्गत सुजानपुर में आयोजित राष्ट्रीय टी-10 क्रिकेट प्रतियोगिता में अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विजेता टीमों के सम्मान में बुधवार को सिमरोल में राष्ट्रीय विजेता टीम सम्मान समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिवमंदिर प्रांगण, खंडवा रोड स्थित इस आयोजन ने खेल, संस्कृति और सामाजिक संदेश को एक मंच पर जोड़ा। इस समारोह में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा खिलाड़ियों को मंच पर सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों को सम्मान-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। उपस्थित जनसमुदाय ने तालियों के साथ विजेताओं का उत्साहवर्धन किया।

### संतों और समाजसेवियों का मार्गदर्शन

समारोह में महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 राजगुरु जी महाराज, संकट मोचन हनुमान धाम की विशेष उपस्थिति ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊंचाई प्रदान की। अपने ओजस्वी उद्बोधन में महाराज जी ने स्पष्ट शब्दों में युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि मांस और मदिरा से दूरी बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यदि युवा नशे से मुक्त नहीं होंगे तो आने वाला जीवन कठिनाइयों से भरा होगा। नशा केवल शरीर नहीं, भविष्य को भी खोखला करता है। भारतीय संस्कृति में संयम और संस्कार ही सच्ची शक्ति हैं।

### युवाओं को संस्कार और अनुशासन का संदेश

आयोजक एवं अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग महासेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश यादव ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए युवाओं से नशे से दूर रहने, भारतीय संस्कृति के अनुरूप जीवन शैली अपनाने और माता-पिता के सम्मान को जीवन का मूल मंत्र बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, धैर्य और चरित्र निर्माण का सशक्त साधन है।

# ट्रैफिक प्रहरी अभियान में अरुण घोलप बने मिसाल, सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस कमिश्नर ने किया सम्मानित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने की दिशा में इंदौर पुलिस और जागरूक नागरिकों की साझेदारी अब रंग ला रही है। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में आयोजित एक विशेष सम्मान समारोह में शहर की यातायात व्यवस्था में निस्वार्थ योगदान देने वाले ट्रैफिक प्रहरियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अरुण घोलप की सक्रियता और उनके समर्पण को विशेष रूप से सराहा गया।



पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने अरुण घोलप को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शील्ड, प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित किया। अरुण घोलप ने शहर के विभिन्न व्यस्त चौराहों पर यातायात प्रबंधन में जो भूमिका निभाई है, वह अन्य नागरिकों के लिए एक प्रेरणा है। उनका यह प्रयास साबित करता है कि एक जिम्मेदार नागरिक किस प्रकार प्रशासन के साथ मिलकर शहर की तस्वीर बदल सकता है।

अरुण घोलप के साथ-साथ अमित साहू, रिया जैन और हिमांशु सिंह को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर ने कहा कि अरुण जैसे नागरिकों का जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि इंदौर की जनता यातायात नियमों के प्रति जागरूक हो रही है।

# डॉ संजय कुमार मालवी को टॉप पर्सनालिटी ऑफ द ईयर अवार्ड 2025

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •श्री सत्य इंदिरा फाउंडेशन जयपुर राजस्थान की रजिस्टर्ड संस्था है तथा राष्ट्रपति एवं राज्यपाल से सम्मानित है। यह संस्था धर्म , जाति समाज के भेदभागवसे ऊपर उठकर इंसान एवं इंसानियत के लिए सक्रिय रूप से कार्यरत है।विशेष रूप से गरीब बस्ती,झुग्गी झोपड़ी वाले स्लम एरिया में बच्चो को पढ़ाना, उनको किताब, कापी,कपड़े,ड्रेस आदि वितरित करना, गरीब बस्ती में अनाज वितरण करना, ठंड में स्वेटर, कंबल आदि का वितरण करना, गौ सेवा करना, अस्पताल में जाकर मरीजों को भोजन करवाने आदि महत्वपूर्ण सेवा कार्य करती है।संस्था हर वर्ष पूरे भारत वर्ष से जुड़े साथियों के सहयोग से भी कार्य करती है, तथा उनको हर वर्ष सम्मानित करती हैं। मध्यप्रदेश इंदौर के डॉ संजय कुमार मालवी,शिक्षाविद, लेखक, कवि, साहित्यकार, फिल्म एक्टर,समाज सेवी को संस्था ने टॉप पर्सनालिटी ऑफ द ईयर अवार्ड 2025 से सम्मानित किया है।

# जैन समाज का लाल मंदिर मोती बाबा का पानी वितरण बंद कर दिया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** • विश्व प्रसिद्ध 1946 से स्थापित जैन समाज का अति प्राचीन मंदिर लाल मंदिर से कुछ कथा गतिथ जैन मुनियों के कारण करीब डेढ़ सौ वर्ष से भगवान मणिभद्र के नाम से मोती बाबा का पानी वितरण बंद कर दिया गया। मोती बाबा के पानी वितरण बंद होने से समस्त भक्तगणों में आक्रोशहै। तेजाजी नगर की महिला बसंती बाई का कहना है कि हमारे बाप दादा मोती बाबा का पानी लाल मंदिर से लेते थे और तुरंत आराम होता था लेकिन अब पानी बंद होने से हम कहां से पानी लाएंगे द्वारकापुरी के लताबाई का कहना है कि पानी क्यों बंद कर दिया यह तो धर्म का काम था इसी तरह कई भक्त गणो मैं व्यापक आक्रोश है। अब इसकी शिकायत माननीय कलेक्टर महोदय के नाम ज्ञापन देकर की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना का अखिल भारतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 दिसंबर को

**इंदौर** • क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना का युवक-युवती परिचय सम्मेलन 21 दिसंबर को आईटीआई के पास स्थित महाकाल गार्डन पर आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर अंतिम बैठक हुई जिसमें में कई विषयों पर चर्चा हुई। बुधवार को क्षत्रिय मराठा नवनिर्माण सेना के पदाधिकारियों की बैठक स्नेहलतगंज पर आयोजित की गई। इसमें सभी पदाधिकारियों के साथ ही महिलाएं और युवतियां भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुई। सम्मेलन के लिए देशभर से 900 से ज्यादा प्रविष्टि आई। पूरा सम्मलेन हाईटेक होगा। सम्मेलन में समाजजनों को स्वदेशी सामान अपनाने का संकल्प दिलाएंगे।

### सर्व ब्राह्मण परिचय सम्मेलन के लिए पहली डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, एमबीए अब तक 2 हजार से अधिक प्रविष्टियाँ

**इंदौर** • आद्य गौड़ ब्राह्मण सेवा न्यास के तत्वावधान में अ.भा. सर्व ब्राह्मण युवा-युवती परिचय सम्मेलन के लिए इस बार 80 डॉक्टर्स, 327 इंजीनियर्स (एम.टेक, बी.टेक सहित), 231 एमबीए, 77 सीए एवं सीएस, 52 एलएल.बी. एवं एलएल.एम., 318 स्नातक, 295 स्नातकोत्तर एवं दसवीं तथा बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण 120 प्रत्याशियों सहित 2000 से अधिक प्रविष्टियाँ प्राप्त हो चुकी हैं। सर्वब्राह्मण समाज के लिए आयोजित इस परिचय सम्मेलन में प्रति वर्ष औसतन 3 हजार प्रविष्टियाँ प्राप्त होती हैं बल्कि तय होने वाले रिश्तों का प्रतिशत भी 60 से 70 के बीच होता है। न्यास द्वारा इस बार राजीव गाँधी चौराहा स्थित शुभ कारज गार्डन पर 28 दिसम्बर को होने वाले परिचय सम्मेलन के लिए हाईटेक प्रबंध किए जा रहे हैं।

### लोहार पट्टी स्थित खाड़ी के मंदिर पर भागवत कथा का आयोजन 24 से

**इंदौर** •लगभग 350 वर्ष प्राचीन, लोहारपट्टी स्थित श्रीजी कल्याण धाम, खाड़ी के मंदिर पर भगवान श्रीजी, कल्याणजी एवं संकट हरण वीर हनुमानजी को समर्पित संगीतमय श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ बुधवार 24 दिसम्बर से होगा। हंसदास मठ के पीठाधीश्वर श्री महंत स्वामी रामचरणदास महाराज एवं महामंडलेश्वर महंत पवनदास महाराज के सानिध्य में 30 दिसम्बर तक चलने वाले इस संगीतमय ज्ञान यज्ञ में भागवतभूषण आचार्य पं. राजेश शास्त्री व्यास पीठ पर विराजित होकर प्रतिदिन दोपहर 4 से सायं 7 बजे तक भागवत कथामृत की वर्षा करेंगे। मंदिर के पं. अमितदास महाराज ने बताया कि इस अवसर पर भक्तों की सुविधा के लिए कथास्थल पर समुचित प्रबंध किए गए हैं। कथा का शुभारंभ खाड़ी के मंदिर से भागवतजी की शोभा यात्रा के साथ होगा।

### फतेहपुरिया समाज का अन्नकूट एवं सम्मान समारोह रविवार को

**इंदौर** • फतेहपुरिया समाज का 56 भोग, श्रृंगार दर्शन एवं सम्मान समारोह रविवार, 21 दिसंबर को सांय 5 बजे से मल्हारगंज थाने के पास स्थित फतेहपुरिया समाज भवन पर राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के मुख्य आतिथ्य एवं समाजसेवी विनोद अग्रवाल (तिरुपति बेग) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है। समाज के अध्यक्ष कैलाश बिदासरिया, मंत्री चंद्रकुमार अग्रवाल, प्रमुख संयोजक देवकीनंदन सिंघानिया एवं हुकमचंद अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों, राजेंद्र गर्ग उषाराज, श्रीमती गीता देवी सत्यनारायण जाजोदिया का सम्मान भी किया जाएगा।

सांध्य दैनिक
इंदौर संकेत

## आपकी बात, इंदौर संकेत के साथ



डिजिटल रूप से लाखों पाठकों के साथ अपना नियमित संपर्क बनाते हुए दैनिक इंदौर संकेत अब एक नई ऊंचाइयों को छू रहा है। आप भी अपने संस्थान, उत्पाद, संस्था का प्रचार-प्रसार दैनिक इंदौर संकेत के माध्यम से सकते हैं। इसके तहत आप चाहे प्रापर्टी व्यवसाय से जुड़े हैं या कोई बधाई संदेश देना है या जन्मदिन की शुभकामनाएं हो या कोई अन्य कैटेगरी में विज्ञापन देना चाहते हैं तो न्यूनतम दर पर प्रकाशित करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। दैनिक इंदौर संकेत संवेदनापूर्ण संदेशों को लेकर अत्यंत संवेदनशील है। इसीलिए इस समाचार पत्र में शोक संदेश नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे।

कार्यालय का पता
5/6, राज मोहल्ला, महेश नगर,
गुरुद्वारे के सामने, इंदौर
संपर्क: 94250-64357, 94245-83000

## सम्पादकीय

### कोहरे और प्रदूषण के बीच बढ़ी लापरवाही, हादसों पर भारी चुप्पी और जवाबदेही किसी की नहीं

दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। कोहरे की मार पड़ने लगी है। राष्ट्रीय राजमार्गों पर आए दिन गाड़ियों के टकराने की खबरें आ रही हैं। मंगलवार को धुंध के कारण यमुना एक्सप्रेसवे पर आगरा से नोएडा के बीच सात बसों और तीन गाड़ियों के टकराने एवं कई अन्य शहरों में भी इसी तरह की दुर्घटनाओं में 25 लोगों की जान जाने के बाद यह बहस तेज हो गई है कि जवाबदेही कौन लेगा और कैसे रोकथाम के लिए कोई रास्ता निकलेगा। अभी तक तो प्रदूषण एवं धुंध के कारण बढ़ते संकट के बीच राजनीतिक बयानबाजी भर सामने आती रही है और जिम्मेदारी से बचने की कोशिश में सत्ता प्रतिष्ठान एवं प्रशासन दिखा है। हालात ये हैं कि सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणियों का कोई असर नहीं पड़ रहा है। दिल्ली और आसपास के इलाकों में प्रदूषण की समस्या धीरे-धीरे गंभीर होती है और धुंध बढ़ने के साथ राजमार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ने लगती हैं। राजमार्गों पर धुंध के बीच रफ्तार पर लगाम को लेकर न कोई चेतावनी है, न कोई अंकुश। प्रदूषण का गहराता संकट मौसम की मार तो है ही, सरकार की अनदेखी और लापरवाही से समस्या में कई गुना बढ़ोतरी हुई है। इस तरह की दिक्कतों को लेकर चर्चा होती है, लेकिन सरकार की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। हाल में खबर आई कि दिल्ली दुनिया की सर्वाधिक प्रदूषित राजधानी है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश के सर्वाधिक प्रदूषित 32 शहरों में ग्यारह हरियाणा के पाए गए। स्पष्ट है कि दिल्ली और आसपास के इलाकों में आसमान में धुएं की परत के आगे बेबसी है। सरकारी स्तर पर कवायद घोषणाओं और आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित दिखती है। यही वजह है कि पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकारों को फटकार लगाई कि प्रदूषण रोकने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास न के बराबर हैं। दरअसल, हर साल ठंड शुरू होते ही हवा की दशा-दिशा में बदलाव के साथ ही आसमान में धुएं की परत जमने लगती है। यही वजह है कि पराली संकट व अन्य कारणों से बढ़ते प्रदूषण से चिंतित सुप्रीम कोर्ट को कहना पड़ा कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। हालत यह है कि बहुत सारे लोगों के सामने सांस से संबंधित परेशानियों सहित कई तरह की मुश्किलें पैदा हो रही हैं, लेकिन अब भी प्रदूषण को कम या दूर करने के लिए कोई ईमानदार इच्छाशक्ति नहीं दिखती।

# छोटे से छोटा देश मोदी के लिए महत्वपूर्ण है

भारत के प्रधान मंत्री के रूप में अपने समय के दौरान, नरेंद्र मोदी ने एक साहसिक विदेश नीति लागू की है जिसका उद्देश्य विभिन्न आकार के देशों के साथ भारत के संबंधों को बढ़ाना है। मोदी की व्यक्तिगत कूटनीति, जो अक्सर उनके गतिशील और करिश्माई नेतृत्व के माध्यम से प्रदर्शित होती है, भारत के विदेशी संबंधों को बदलने में महत्वपूर्ण रही है। अपनी विदेश यात्राओं में छोटे देशों को वरीयता देने का विचार एक बहुध्रुवीय दुनिया की स्थापना के एक बड़े लक्ष्य पर आधारित है जहां भारत महत्वपूर्ण शक्ति रखता है।

इसी तरह, श्रीलंका और नेपाल जैसे देशों की मोदी की नियमित यात्राओं ने सीमा विवाद और जातीय मतभेदों जैसे मामलों पर उत्पन्न होने वाले तनाव को कम करने में भूमिका निभाई है। नेतृत्व के साथ सीधे जुड़ने के मोदी के प्रयासों ने संबंधों को स्थिर करने और व्यापार, बुनियादी ढांचे के विकास और सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने की नींव रखने में योगदान दिया है।

छोटे देशों के साथ बातचीत करने का मोदी का तरीका दक्षिण एशिया में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जहां चीन की बढ़ती उपस्थिति अक्सर भारत के प्रभाव के लिए एक चुनौती बन जाती है। मोदी का लक्ष्य चीन के बढ़ते बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) को संतुलित करना और छोटे पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में सुधार करके क्षेत्र में भारत के प्रभुत्व को बनाए रखना है। छोटे देशों पर भारत का ध्यान 'नेबरहुड फर्स्ट' नीति के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी उजागर करता है, जो पड़ोसी देशों के साथ संबंधों को बढ़ाने को प्राथमिकता देता है।

मोदी की छोटे देशों की यात्राओं का एक अन्य महत्वपूर्ण लाभ आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करना है। भारत अक्सर बुनियादी ढांचे के निर्माण, व्यापार गठबंधन बनाने और छोटे देशों के साथ निवेश को सुविधाजनक बनाने पर केंद्रित पहलों में संलग्न रहता है। इन बैठकों के परिणामस्वरूप अन्य क्षेत्रों के अलावा कृषि, प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और शिक्षा में व्यापार सौदे और साझेदारी स्थापित हुई।

इसके अतिरिक्त, छोटे देशों के साथ व्यापार संबंधों को मजबूत करने के लिए मोदी का समर्पण अपने व्यापार गठबंधनों का विस्तार करने के भारत के समग्र लक्ष्य का समर्थन करता है। यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत का लक्ष्य संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और चीन जैसे पारंपरिक व्यापार सहयोगियों पर अपनी निर्भरता कम करना और नए बाजारों की खोज करना है। हालांकि आर्थिक आकार में छोटे, छोटे देश अक्सर विशिष्ट बाजारों और नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसर प्रदान करते हैं।

2014 में मोदी की फिजी यात्रा न केवल



राजनयिक उद्देश्यों के लिए, बल्कि प्रशांत द्वीप समूह में भारतीय समुदाय के साथ संबंधों को बढ़ाने में इसके प्रतीकात्मक मूल्य के लिए भी एक महत्वपूर्ण अवसर था। इस यात्रा ने प्रशांत द्वीप देशों के प्रति भारत के समर्पण पर जोर दिया और एक रणनीतिक क्षेत्र के रूप में हिंद-प्रशांत के महत्व की पुष्टि की। मोदी ने साझा सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालकर स्थानीय समुदायों के साथ भारत के संबंधों को मजबूत किया है, जिसमें इन देशों के सांस्कृतिक विकास पर भारतीय प्रवासियों का प्रभाव भी शामिल है।

शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और आपदा राहत में भारत की भागीदारी ने एक सहायक अंतरराष्ट्रीय भागीदार के रूप में अपनी छवि को मजबूत किया है। छोटे द्वीपीय देशों की अपनी यात्रा के दौरान मोदी ने आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों के लिए सहायता का वादा किया। भारत छात्रवृत्ति और कौशल विकास कार्यक्रम प्रदान करके उन देशों में क्षमता निर्माण के प्रयासों में भी संलग्न रहा है, जिसके परिणामस्वरूप दुनिया भर में सकारात्मक प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 से 18 दिसंबर तक जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा पर निकले हुए हैं। पीएम मोदी की इस यात्रा का पहला पड़ाव छोटा सा मुस्लिम देश जॉर्डन है। जॉर्डन के राजा किंग अब्दुल्ला के निमंत्रण पर जॉर्डन की 75 साल पूरे होने पर पीएम मोदी वहां पहुचे है । इजराइल और सऊदी के बीच बसा एक छोटा सा देश जॉर्डन, जिसके पास न तो तेल का भंडार हैं और न ही दुर्लभ खनिज, जिस देश का हथियारों से भी कोई लेना-देना है, आखिर उस देश पीएम मोदी की इस यात्रा के मायने क्या है। मुस्लिम देश जॉर्डन का शाही परिवार हाशमी राजवंश का हिस्सा है, जो दुनिया के सबसे पुराने और प्रतिष्ठित शाही घरानों में से एक है, जिसकी जड़ें पैगंबर मोहम्मद से जुड़ी हैं। आज जानेंगे उस शाही परिवार से लेकर पीएम मोदी के इस दौरे के मायने और भारत के लिए इस देश की जरूरत के बारे में जानना जरुरी है ।

दरअसल 89,342 वर्ग किमी वाला देश जॉर्डन भारत का चौथा सबसे बड़ा ट्रेडिंग पार्टनर है। भारत इसी देश से अपनी जरूरत का 40% खाद खरीदता है। दोनों देशों के बीच का रिश्ता 75 साल पुराना है। भारत के साथ इससे संबंधों से पहले यहां से शाही परिवार के बारे में जानते हैं। जॉर्डन की राजशाही और वहां का राज परिवार पैंगबर मोहम्मद के वंश से आते हैं। मौजूदा राजा अब्दुल्ला द्वितीय साल बीते 25 सालों से जॉर्डन के राजा बने हुए हैं। साल 1999 में उन्होंने राज गद्दी संभाली और अब पैगंबर मुहम्मद की 41वीं पीढ़ी के वंशज हैं। ब्रिटेन और अमेरिका में पढ़ाई करने वाले अब्दुल्ला ने एक आम लड़की से शादी की। राज परिवार करीब 99 एकड़ में फैले महल अल-मकार में रहता है। अल-मकार राजधानी अम्मान में है, जिसे 1918 में बनाया गया था।

2018 में किंग अब्दुल्ला द्वितीय भारत यात्रा पर आए थे। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोबाल और कई मंत्री भी जॉर्डन जाते रहे हैं। अप्रैल 2025 में दोनों देशों के बीच चौथे दौर की फॉरेन ऑफिस कंसल्टेशन भी हुई। भारत जॉर्डन का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2023 से लेकर 2024 में दोनों देशों का व्यापार 2 ।875 अरब अमेरिकी डॉलर यानी कि 25858 करोड़ का रहा है। भारत ने जॉर्डन को ?1465 मिलियन यानी कि 13 करोड़ का निर्यात किया था। भारत मुख्यत इलेक्ट्रिकल उपकरण, अनाज, केमिकल, पेट्रोलियम और ऑटो पार्ट्स भेजता है। जॉर्डन से उर्वरक, फास्फेट और फास्फेरिक एसिड आयात किए जाते हैं। दोनों देशों की कंपनियों के बीच बड़े निवेश भी हैं। फास्फेट और टेक्सटाइल क्षेत्रों में 1 ।5 अरब डॉलर का महत्वपूर्ण भारतीय निवेश है। वहीं इफको जेपीएमसी का 860 मिलियन डॉलर वाला ज़िफको प्रोजेक्ट फॉरेस्फेरिक एसिड उत्पादन में अहम है। 15 से अधिक भारतीय मूल की गवर्नमेंट कंपनियां भी जॉर्डन में काम करती हैं। 2025 में हेल्थ पर जॉइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक में मेडिसिन रेगुलेशन, मेडिसिन डिवाइस और डिजिटल हेल्थ मिशन पर अहम चर्चा हुई।

कोविड-19 के दौरान दोनों देशों ने आपसी मदद की। भारत ने जॉर्डन को 5 मिलियन डॉलर की दवाइयां और वैक्सीन भी भेजी। शिक्षा दोनों देशों के लोगों को जोड़ने का बड़ा माध्यम है। 2500 से अधिक जॉर्डेनियन भारतीय विश्वविद्यालयों के पूर्व छात्र हैं। हर साल लगभग 500 छात्र भारत में पढ़ते हैं। भारत ने जॉर्डन में आईटी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किया है। जहां साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग और बिग डाटा में ट्रेनिंग दी जाती है। बॉलीवुड फिल्में जॉर्डन में बहुत लोकप्रिय हैं। कई हिंदी फिल्मों की शूटिंग जॉर्डन में हुई है। ज़ेरश फेस्टिवल जैसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भारत की प्रस्तुतियां नियमित रूप से शामिल होती हैं। योग दिवस 2025 में जॉर्डन की राजकुमारी बस्मा बिंत अली ने हिस्सा लिया था। यहां भारतीय समुदाय अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और त्यौहार मनाता है। यानी दोनों के देश दोनों देशों में अच्छी खासी पकड़ है और अच्छी खासी पकड़ का मतलब अच्छे खासे रुशते हैं। अब दूसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गए हैं।

गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी की कम ज्ञात देशों की यात्राएं अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर एक परिष्कृत और दूरदर्शी रुख को प्रदर्शित करती हैं। इन देशों के साथ बातचीत करके, मोदी ने न केवल भारत के आमने-सामने के संबंधों को मजबूत किया है, बल्कि भारत के रणनीतिक और आर्थिक लक्ष्यों को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इन यात्राओं के कई लाभ विविध हैं: भारत के प्रभाव को बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा में सुधार से लेकर आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक।

कई ध्रुवों वाली दुनिया में, वैश्विक मंच पर अपनी स्थिति को परिभाषित करने के लिए बड़े और छोटे दोनों देशों के साथ महत्वपूर्ण संबंध विकसित करने की भारत की क्षमता आवश्यक होगी। छोटे देशों के साथ जुड़ने के मोदी के प्रयास अधिक विविध, न्यायसंगत और सामंजस्यपूर्ण दुनिया में नेतृत्व करने की भारत की आकांक्षा को दर्शाते हैं। जैसे-जैसे भारत वैश्विक मंच पर अपनी उपस्थिति बढ़ाएगा, ये साझेदारियां अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में भविष्य की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक



### एसडीएस के बयान से भड़के निगम कर्मचारी, काम बंद कर सौंपा ज्ञापन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • नगर निगम में बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। निगम कर्मचारियों ने काम बंद कर महापौर को ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि 15 दिसंबर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में हुई बैठक के दौरान स्ठरू ऋषि सिंघई ने उन्हें अमर्यादित शब्द बोले थे। कर्मचारियों का आरोप है कि स्ठरू ने उन्हें बैल और भेड़ की संज्ञा दी और भ्रष्टाचार करने वाला बताया।

#### एसडीएम के खिलाफ किया प्रदर्शन

निगम कर्मचारियों की मांग है कि, स्ठरू को पद से हटाया जाए और उनकी अभद्रता के खिलाफ कार्रवाई की जाए। महापौर अमृता यादव ने कहा कि, उन्होंने कलेक्टर से मिलकर स्ठरू पर कार्रवाई की मांग की हैं। क्योंकि स्ठरूएक बड़े पद के अधिकारी हैं और उन्हें सोच विचार कर बोलना चाहिए। एमआईसी सदस्य राजेश यादव ने कहा कि स्ठरूको तुरंत हटाना चाहिए, नहीं तो शहर में अराजकता का माहौल पैदा होगा। स्ठरू ने निगम कर्मचारियों और पार्षदों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं, जो गलत है। इधर, निगम कर्मचारी संघ अध्यक्ष हरीश दुबे ने कहा कि स्ठरूने हमारे कर्मचारियों के साथ अभद्रता की है, इसलिए हम स्ठरूसे कहना चाहते हैं कि वे हमें इतना भी छोटा कर्मचारी ना समझें। हमारे कर्मचारी सुबह 5 बजे से काम शुरू करते हैं, जब स्ठरू साहब सोकर भी नहीं उठते, और तब तक काम करते रहते हैं जब वे सो जाते हैं।

#### एसडीएम बोले- आरोप निराधार, खेद प्रकट करता हूं

मामले में एसडीएम ऋषि सिंघई का कहना है कि, पूरे आरोप निराधार हैं। दो दिन पहले पट्टा अभ्यर्थियों को लेकर एक मीटिंग हुई थी। जिसमें नगर निगम और राजस्व विभाग के कर्मचारी प्रशिक्षण ले रहे थे। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि समाप्त होने के बाद कुछ लोगों को लगा कि उनको भ्रष्ट कहा, जबकि उनसे सामान्य रूप से कहा गया था कि सर्वे के पूर्व आवेदन आए हैं तो कैसे आ गए, और किस माध्यम से आए हैं। बाकी कोई बात नहीं थी, गलत तथ्य पेश किए जा रहे हैं। यदि किसी को लग रहा है कि हमने ऐसा किया हैं, तो हम खेद प्रकट करते हैं।

### पाइपलाइन के लिए सड़क खोदी, हादसे हो रहे, मटेरियल से फिसल रहे वाहन; लापरवाही से जा चुकी 2 भाइयों की जान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खंडवा** • खरगोन जिले के सनावद में नर्मदा जल लाने के लिए डाली जा रही पाइपलाइन राहगीरों के लिए मुसीबत बन गई है। सनावद नगर पालिका ने मोरटक्का से सनावद तक इंदौर-इच्छापुर हाईवे को खोद डाला है। ठेकेदार ने खुदाई के बाद मटेरियल और मलबा हाईवे पर ही छोड़ दिया है, जिससे अब रोज हादसे हो रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस खुदाई के लिए हाईवे अथॉरिटी से कोई परमिशन भी नहीं ली गई है।

इंदौर-खंडवा रोड पर खेड़ीघाट से मोरटक्का चौकी तक डामर की सड़क खोद दी गई है, जो हृद्ध के अधीन है। हृद्ध अधिकारियों का साफ कहना है कि उन्होंने सनावद नगर पालिका को



परमिशन नहीं दी है। वहीं, मोरटक्का ग्राम पंचायत ने भी अनुमति देने से इनकार कर दिया है। सरपंच का कहना है कि एक साल पहले ही 75 लाख रुपए की लागत से नई सड़क बनी थी। ग्रामीण इसका विरोध कर रहे हैं, इसलिए सड़क खोदने की अनुमति नहीं दी जा सकती।

#### लापरवाही ने ली थी दो सगे भाइयों की जान

ग्रामीणों ने बताया कि नगर पालिका की ऐसी ही लापरवाही पहले भी जानलेवा साबित हो चुकी है। सालभर पहले भी पाइपलाइन के लिए सड़क खोदी गई थी और मलबा वैष्णवी होटल के सामने बीच हाईवे पर छोड़ दिया गया था। उस वक्त बाइक फिसलने से दो सगे भाई ट्रक की चपेट में आ गए थे और उनकी दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके बावजूद जिम्मेदार कोई सबक नहीं ले रहे हैं।

#### दुकानों-घरों के सामने मलबे का ढेर

मोरटक्का स्टेशन के रहवासियों दादू पटेल, अजय मिश्रा, आनंद राम पटेल और अन्य ने बताया कि बिना अनुमति सड़क खोदकर मटेरियल हमारे घरों और दुकानों के सामने पटक दिया गया है। ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों का यहां भारी दबाव रहता है। मलबे के कारण दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं।

### 8 रेंज में वन्यप्राणियों की काउंटिंग, 6 दिन में मांसाहारी-शाकाहारी दोनों की गिनती

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** • जिले की सभी आठ रेंजों में गुरुवार यानी 18 दिसंबर से वन्यप्राणी गणना शुरू हो गई है। जंगलों में टीमें पैदल घूमकर जानवरों की मौजूदगी के सबूत जुटा रही हैं। यह प्रक्रिया छह दिन तक चलेगी। पहले तीन दिन मांसाहारी और अगले तीन दिन शाकाहारी वन्यप्राणियों की गिनती की जाएगी। सभी रेंजों में फील्ड वर्क शुरू हो चुका है। यह गणना छठवीं अखिल भारतीय बाघ गणना का हिस्सा है। इससे पहले वनकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया था। उन्हें जंगल में चलने के तरीके, ट्रांजेक्ट लाइन पर मॉक एक्सरसाइज और एम-स्ट्राइप ऐप के इस्तेमाल की जानकारी दी गई।

जिले की बुरहानपुर, खकनार, बोदरली, शाहपुर, नेपानगर, असीरगढ़, धूलकोट और नावरा रेंज में यह गणना की जा रही है। वन विभाग हर चार साल में एक बार इस तरह की व्यापक गणना करता है।

#### पहले तीन दिन बाघ, तेंदुआ और लकड़बग्घा पर नजर

नेपानगर एसडीओ विक्रम सुलिया के अनुसार, 18 दिसंबर से शुरू हुई गणना के पहले तीन दिन बाघ, तेंदुआ, भेड़िया, सियार और लकड़बग्घा जैसे मांसाहारी वन्यप्राणियों पर फोकस किया जा रहा है।



#### पगमार्क, खरोंच और शिकार के अवशेष बने पहचान का आधार

टीमें रोज करीब 5 किलोमीटर के इलाके में जंगल की जमीन खंगाल रही हैं। पगमार्क, पेड़ों पर खरोंच के निशान और शिकार के अवशेषों को दर्ज किया जा रहा है। इन्हीं संकेतों से यह तय किया जाता है कि किस इलाके में कौन सा वन्यप्राणी सक्रिय है। मांसाहारी वन्यप्राणियों की गणना पूरी होने के बाद अगले तीन दिन नीलगाय, चीतल, सांभर और चिंकारा जैसे शाकाहारी वन्यप्राणियों की गिनती की जाएगी।

एसडीओ ने बताया कि पूरी प्रक्रिया एम-स्ट्राइप मोबाइल ऐप के जरिए की जा रही है। सुरक्षा कारणों से वन विभाग वन्यप्राणियों से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक नहीं करता है।

# नेशनल कराते टूर्नामेंट के उद्घाटन में छात्राओं ने नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर मन मोह लिया

**दैनिक इंदौर संकेत**



**इंदौर** ● राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता अंतर्गत गत दिवस डेली कॉलेज में कराते टूर्नामेंट के ओपनिंग के अवसर पर शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने प्राचार्य श्रीमती अर्चना शर्मा के निर्देशन में बहुत ही शानदार नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर अतिथियों सहित ऑडिटोरियम में उपस्थित सभी का मन मोह लिया। राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता प्रचार – प्रसार समिति के सदस्य दिनेश परमार व अनुराग तिवारी ने बताया कि स्कूल गेम्स फ़ेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में एवं इंदौर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ शांता स्वामी भार्गव के संयोजन में पांच दिवसीय कराते स्पर्धा का आयोजन डेली कॉलेज में किया जा रहा है। इसमें अंडर 14 आयु बालक /बालिका वर्ग के 29 राज्यों के खिलाड़ी पार्टिसिपेट कर रहें है। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन के अध्यक्ष चंदू राव शिंदे, डेली कॉलेज की प्रिंसिपल गुरमीत बिंद्रा, डीईओ डॉ शांता स्वामी भार्गव व डीएसओ सुनील अवस्थी की गरिमामय उपस्थिति में आयोजन की शुरुआत हुई।

उद्घाटन के पश्चात् शासकीय कन्या उमावि नेहरूनगर की छात्राओं कुं. अंकिता कुशवाह, मुस्कान अहिरवार, दीपशिखा जेरिया, अनु सिंह, वीणा जूनवाल, रानी चौरसिया, भूमिका शुद्ध, अंजलि जाटव, रंजना खिरेटिया आदि ने सामूहिक नृत्य कर सभी की तालिया बटोरी। इस दौरान नेहरूनगर की प्राचार्य श्रीमती अर्चना शर्मा, उच्च माध्यमिक शिक्षिका डॉ प्रियंका तिवारी व श्रीमती बबीता चौहान तथा रेडक्रॉस क्रीड़ा प्रभारी बाबू कमलेश पंडित भी उपस्थित थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता श्रीमती सुनयना शर्मा ने किया।

# धुरंधर को मिला एयर इंडिया से खास प्यार, यामी ने दिखाई झलक

**मुंबई (एजेंसी)** ● आदित्य धर के निर्देशन में बनी मल्टीस्टारर धुरंधर की दमदार कहानी और स्टारकास्ट को जमकर तारीफ मिल रही है। बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही फिल्म 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। फिल्म को एयर इंडिया ने भी खास अंदाज में सराहा। अभिनेत्री और फिल्म के निर्देशक आदित्य धर की पत्नी यामी गौतम ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एयर इंडिया की ओर से पति आदित्य धर को लिखा गया एक स्पेशल लेटर पोस्ट किया। लेटर में एयर इंडिया ने लिखा है कि क्रू मेंबर्स फिल्म से काफी प्रभावित हैं, 35,000 फीट की ऊंचाई पर जश्न! मिस्टर धर, एक अद्भुत और शानदार फिल्म बनाने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। यह फिल्म इतनी शानदार है कि हमारी पूरी टीम उत्साह और जोश से भर गई है। फ्लाइट नंबर का जिक्र करते हुए एयर इंडिया ने आगे लिखा, 12660 बेसब्री से इंतजार कर रहा है।धुरंधर रणवीर सिंह स्टारर एक्शन थ्रिलर है, जिसमें संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे सितारे अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। कुछ ही दिनों में यह 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है।



# आईसीसी रैंकिंग : वरुण चक्रवर्ती, तिलक वर्मा पुरुष टी-20 प्लेयर रैंकिंग में चमके





**नई दिल्ली (एजेंसी)** ● भारत के बल्लेबाज तिलक वर्मा आईसीसी पुरुष अंतरराष्ट्रीय टी-20 प्लेयर रैंकिंग में दो स्थान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि स्पिनर वरुण चक्रवर्ती गेंदबाजी रैंकिंग में 818 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ओर जारी ताजा रिपोर्ट में तिलक वर्मा ने पिछले हफ्ते कटक में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले मैच में 26 रन बनाने के बाद न्यू चंडीगढ़ में 62 और धर्मशाला में 26 रन बनाकर भारत के अभिषेक शर्मा की अगुवाई वाली सूची में पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान और इंग्लैंड के जोस बटलर को पीछे छोड़कर वह अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग में दो पायदान ऊपर चढ़ कर 774 अंकों के चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को एक पायदान का नुकसान हुआ है वह 669 अंकों के साथ दसवें स्थान पर आ गए हैं। बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा 909 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडन मारक्रम की तीसरे मैच में सिर्फ 117 रन के स्कोर में 61 रन की पारी ने उन्हें आठ स्थान ऊपर 29वें स्थान पर पहुंचा दिया है, जबकि क्विंटन डी कॉक की दूसरे टी-20 में मैच जिताने वाली 90 रन की पारी ने उन्हें 14 पायदान ऊपर उठाकर 53वें स्थान पर पहुंचा दिया है।

टी-20 गेंदबाजी रैंकिंग की बात की जाए तो पिछले हफ्ते खेले गए दो टी-20 में दो-दो विकेट लेने वाले वरुण चक्रवर्ती ने अपने खाते में 36 रेटिंग अंक जोड़े कर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 818 अंकों तक पहुंच गए हैं। दोनों टीमों के तेज गेंदबाज रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। भारत के बाएं हाथ के गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जिन्हें धर्मशाला में 13 रन देकर दो विकेट लेने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया था, चार स्थान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज मार्को यानसन (14 स्थान ऊपर 25वें स्थान पर) और लुंगी एनगिडी (11 स्थान ऊपर 44वें स्थान पर) ने भी प्रगति की है।



# मोहित मुसिक ने मेरी दुनिया बदल दी: स्वाति मिश्रा

**मुंबई (एजेंसी)** ● भोजपुरी सिंगर स्वाति मिश्रा पिछले महीने अपने लंबे समय के म्यूजिक प्रोड्यूसर मोहित मुसिक से शादी की। 'राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी' गाने से फेमस हुई स्वाति ने हल्दी से लेकर वेडिंग फोटो तक सोशल मीडिया पर फैंस के साथ साझा कीं। स्वाति मिश्रा ने इंस्टाग्राम पर अपनी शादी की कुछ फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि प्यार और शादी दो अलग चीजें हैं, और जिनकी शादी उनके प्यार से हो जाए, वे बेहद भाग्यशाली होते हैं। उन्होंने कहा कि उनके जीवन में यह प्यार तब आया जब उन्हें सबसे ज्यादा इसकी जरूरत थी। स्वाति ने आगे बताया कि कैसे मोहित उनके उग्र और शैतानी स्वभाव के बीच शांति और संतुलन लाते हैं।

## उज्जैन संभाग

# घुटनों के बल पुलिस की शिकायत लेकर पहुंचा युवक माला पहनकर आईजी ऑफिस में की शिकायत

**दैनिक इंदौर संकेत**



**उज्जैन** ● शाजापुर के ग्रामीण इलाके में रहने वाला किसान थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के पुलिसकर्मियों से इतना परेशान हो गया कि कई बार शिकायत करने के बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो उसने शिकायत की माला बनाकर अपने गले में डाली और सड़क पर घुटने के बल शिकायत करने उज्जैन आईजी ऑॉफिस पहुंच गया।दिनेश सिंह, निवासी ग्राम मुबारिकपुर (चिराटिया), पोलायकला जिला शाजापुर का किसान है और ड्राइवरी भी करता है। दिनेश ने बताया कि अपने बुजुर्ग माता-पिता, पत्नी एवं छोटे बच्चों का एकमात्र सहारा है। फायनेंस किए ट्रैक्टर छोड़ने का भी काम करता हूं। इस दौरान रोहित कीर नामक युवक को खोजते हुए थाना अवंतीपुर बड़ोदिया के थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी एवं आरक्षक रवि, कमलेश और राजेश जाट द्वारा मुझे झूठे केस में फंसाने की धमकी दी और मेरे साथ अमानवीय व्यवहार किया। इससे मेरे पूरे परिवार को भय एवं बर्बादी की स्थिति में पहुंचा दिया है।

### 1 लाख रुपए की जबरन उगाही की गई

दिनेश ने आरोप लगाया कि 30 जुलाई को घनश्याम बैरागी ने मेरे दोस्त को रोहित को पकड़ने के लिए मुझे पुलिस चौकी पर बुलाया। इसके बाद मुझे केस में फंसाने की धमकी दी। थाना प्रभारी घनश्याम बैरागी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों द्वारा मुझे बिना नोटिस, बिना अपराध पंजीबद्ध किए एवं बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के गांव से उठाकर थाने में कई घंटों तक अवैध रूप से रखा गया। झूठे चोरी के प्रकरण में फंसाने, जेल भेजने एवं जीवन बर्बाद करने की धमकी देकर 1 लाख की जबरन उगाही की गई।

मेरा मोबाइल भी जब्त कर लिया गया। लगातार मेरे घर आकर परिवार वालो को धमका रहे हैं। इस कारण पिछले तीन माह से मेरा घर जाना छूट गया है। इससे पहले 8 दिसंबर को शाजापुर एसपी को शिकायत की और 9 दिसंबर को आईजी ऑफिस आया तो साहब नहीं मिल पाए, इस दौरान सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की। कोई हल नहीं निकला तो बुधवार को सभी शिकायतों की माला पहनकर आईजी ऑफिस पहुंचा हूं।

आष्टा निवासी मोहनलाल ने जून माह में मुबारिकपुर के रोहित कीर को अपना ट्रैक्टर चलाने के लिए दिया था। दो माह तक ट्रैक्टर के किराए के पैसे नहीं मिलने पर सितंबर में मोहन ने थाने में शिकायत की। जांच में पता चला रोहित ने ट्रैक्टर शिवपुरी के मोड़सिंह गुर्जर को बेच दिया। उसे थाने बुलाया तो दिनेश ने रोहित द्वारा ट्रैक्टर बेचने की बात कबूल ली। काफी प्रयास के बाद रोहित को रात में पकड़ा तो उसने कबूला ट्रैक्टर दिनेश ने ही बिकवाया था।

स्कूल भवन की मांग करते-करते तंग आ चुके भड़ला गांव के 72 वर्षीय अंबालाल परमार को अपनी बात अधिकारियों के सामने रखने का जब कोई विकल्प नहीं सूझा तो वे शिकायत पत्रों की माला पहनकर तहसील कार्यालय पहुंच गए। अपनी बात रखने के इस अनोखे अंदाज को देखकर अधिकारी भी दंग रह गए।

## अमरनाथ एवेन्यू कॉलोनी में लाखों की चोरी... कांट्रेक्टर के सूने मकान में दो बदमाश घुसते नजर आए

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● नानाखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित इंदौर रोड की अमरनाथ एवेन्यू कॉलोनी में सूने मकान को निशाना बनाकर चोरों ने बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से करीब 15 लाख रुपए से अधिक के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है, जिसमें दो बदमाश वारदात करते नजर आ रहे हैं।

एडिशनल एसपी गुरु प्रसाद पराशर ने बताया कि सरकारी ठेकेदार पुरुषोत्तम गोयल का एक मकान अमरनाथ एवेन्यू और दूसरा बसंत विहार में है। बीती रात गोयल परिवार बसंत विहार वाले घर में था। सुबह तड़के जब परिवार अमरनाथ एवेन्यू स्थित मकान पहुंचा, तो मुख्य गेट खुला मिला। अंदर जांच करने पर आभूषण और नकदी भी गायब थी।

पुलिस के अनुसार चोरी की घटना रात करीब दो बजे की है। प्रारंभिक जांच में करीब 15 लाख रुपए की चोरी सामने आई है, हालांकि चोरी गए सामान का सटीक आकलन अभी किया जा रहा है।

सीसीटीवी फुटेज में दो बदमाश मुंह पर मास्क लगाए हुए दिखाई दे रहे हैं। एक आरोपी काली और दूसरा नीली जैकेट पहने हुए है। फुटेज में दोनों आरोपी मुख्य गेट का ताला तोड़कर घर में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है और मामले की जांच जारी है।

# 7 गांव के किसान इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड रोड का विरोध करने पहुंचे

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** ● इंदौर-उज्जैन के बीच प्रस्तावित ग्रीन फील्ड रोड से प्रभावित उज्जैन जिले के 7 गांवों के किसानों ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर बाइक रैली निकाली। किसान काले झंडे बांधकर उज्जैन स्थित एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। किसानों का कहना है कि इस परियोजना से 7 गांवों के करीब 280 किसानों की लगभग 450 बीघा जमीन प्रभावित हो रही है। उनकी प्रमुख मांग है कि जमीन का मुआवजा वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर तय किया जाए, न कि केवल सरकारी गाइडलाइन के अनुसार। इसके साथ ही किसानों ने ग्रीन फील्ड रोड की ऊंचाई कम करने और इसे सामान्य हाईवे के रूप में विकसित करने की मांग की, ताकि आसपास के गांवों के किसानों और ग्रामीणों को भी इसका लाभ मिल सके।

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वे रोड निर्माण कार्य बंद कराने जैसे कदम उठाने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान किसानों की बाइक पर काले झंडे लगे थे, जिन पर 'स्वक्रष्ट तह क्ष्ट्य' लिखा हुआ था। एमपीआरडीसी के अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया है कि उनकी मांगों पर विचार किया जाएगा। उज्जैन संघर्ष समिति के राजेश सोलंकी ने बताया कि सुबह 11:30 बजे लिम्बा पिपलिया से बाइक रैली की शुरुआत हुई, जो गोंदिया, हासामपुरा, पालखेड़ी, चांदमुख, दाउदखेड़ी, चिंतामन गणेश, शांति पैलेस चौराहा, कोठी और फ्रीगंज होते हुए करीब दोपहर 1 बजे एमपीआरडीसी कार्यालय पहुंची। यहां किसानों ने अधिकारियों के समक्ष अपनी मांगें लिखित रूप में रखीं।



### ऐसा बनेगा ग्रीन फिल्ड रोड

उज्जैन-इंदौर के बीच नया ग्रीन फील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे करीब 2000 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सिंहस्थ- 2028 को ध्यान में रखकर बनाया जा रहा है। इससे इंदौर से उज्जैन की दूरी और यात्रा 30-45 मिनट कम हो जाएगी। 48 किलोमीटर की यह सड़क पितृ पर्वत इंदौर से शुरू होकर सिंहस्थ बायपास उज्जैन तक बनेगी।

### मांगें नहीं मानी तो काम रोकेंगे

किसान नेता राजेश सोलंकी ने कहा कि जमीन से 2 मीटर ऊंचा रोड बनाया जा रहा है। रोड में सिर्फ चार जगह एक्सेस दे रहे हैं। अगर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो रोड का काम शुरू नहीं होने देंगे। आज हुए प्रदर्शन में माखन लाल, अर्जुन चौधरी, नारायण सिंह सहित करीब 200 किसान एकत्रित हुए थे।

न्यूज ब्रीफ

### गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों के लीज एग्रीमेंट संपादन हेतु शिविर आयोजित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशानुसार गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की दुकानों के लीज एग्रीमेंट संपादित कराए जाने हेतु बुधवार को विशेष शिविर आयोजित किया गया। जिसमें दुकानदारों से लीज एग्रीमेंट सम्पादित कराए गए और इस कार्यवाही के सम्बन्ध में जानकारी भी प्राप्त की गई। बताया गया कि गोपाल मंदिर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की समस्त आवंटित दुकानों की किराया वसूली को डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। शिविर में माफी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर सुश्री कल्याणी पाण्डे एवं उपायुक्त श्रीमती शैली कनास मौजूद रहीं।

### मंत्री शुक्ला आज इंदौर में

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● प्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला आज 18 दिसम्बर को इंदौर में रहेंगे। मंत्री शुक्ला 18 दिसम्बर को दोपहर 12 बजे शेराटन ग्रेंड पैलेस इंदौर में आयोजित ग्लोबल सोलर एक्सपो में शामिल होंगे। वे शाम 5.10 बजे इंदौर से सवाई माधोपुर के लिए रवाना होंगे।

### सना फायर पर कार्रवाई

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशन में बिचौली हप्सी के ग्राम राजधरा में राजस्व अमले द्वारा सना फायर वर्क्स फटाखा इकाई पर आकस्मिक निरीक्षण कर सख्त कार्यवाही की गई है। निरीक्षण दल में एसडीएम अजय भूषण शुक्ला सहित नायब तहसीलदार, पटवारी एवं ग्राम कोटवार शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान फटाखा इकाई के संचालक अकरम मंसूरी मौके पर उपस्थित थे। जांच में पाया गया कि फटाखा इकाई में निर्धारित सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन किया जा रहा था। विशेष रूप से सुतली बम को असुरक्षित स्थान पर खुले में सुखाया जा रहा था, जिससे किसी भी समय गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी हुई थी।

# नए स्विमिंग पुल के दिखाए सपने, भ्रष्ट गठजोड़ का नया नमूना बना नेहरू पार्क स्विमिंग पुल

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर नगर निगम के कामों में घोटाले रोजमर्रा की बात होने लगी है। फर्जी बिल लगाकर 150 करोड़ का घोटाला करने वाला मामला सामने आ ही चुका है। इसके बाद भी घटिया काम कर बिल लगाने और इसे पास करने का खेल जारी है। ताजा मामला निगम के जरिए 6 करोड़ की लागत से बनवाए गए स्विमिंग पूल का है। यह स्विमिंग पूल इंदौर के नेहरू पार्क में बन रहा है।

इंदौर नगर निगम के जरिए नेहरू पार्क में 6 करोड़ की लागत से स्विमिंग पूल बनवाया गया है। इसका उद्घाटन पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर 25 दिसंबर को होना था। वहीं, अब नहीं हो सकेगा। क्योंकि इसे उखाड़ना पड़ा है। निगम के इंजीनियरों ने इसकी गुणवत्ता झांकने की जहमत ही नहीं उठाई



है। इसके चलते टाइल्स पानी भरने से पहले ही फूल गई और अब उखाड़ी गई हैं। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया बताते हैं कि ठेकेदार ने टाइल्स लगाने के बाद अन्य निर्माण काम किए थे। कंक्रीट व अन्य सामग्री टाइल्स पर गिरी और इससे वह खराब हुई और फूलने लगीं। वहीं जनकार्य प्रभारी एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर सफाई दे रहे हैं कि ठेकेदार को ही मेंटनेंस करना है। वही अपने खर्चे से टाइल्स बदलेगा। अभी इसका भुगतान नहीं किया गया है।

इंदौर नगर निगम के जरिए 6 करोड़ की लागत से नेहरू पार्क में स्विमिंग पूल का निर्माण किया गया था, जिसका उद्घाटन पूर्व सीएम अटलजी के जन्मदिन पर 25 दिसंबर को होना था। पूल की टाइल्स पानी भरने से पहले ही फूल गईं और अब उन्हें उखाड़ा जा रहा है, क्योंकि निर्माण की गुणवत्ता की जांच निगम के इंजीनियरों ने नहीं की। एमआईसी सदस्य नंदकिशोर पहाड़िया के अनुसार, ठेकेदार ने टाइल्स लगाने के बाद अन्य काम किए, जिससे कंक्रीट और अन्य सामग्री टाइल्स पर गिरी और वे खराब हो गईं। जनकार्य प्रभारी एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने बताया कि ठेकेदार को मेंटनेंस का जिम्मा सौंपा गया है और वह अपने खर्च पर टाइल्स बदलेगा। कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने इस घटना पर तंज करते हुए कहा कि इसे विकास या विनाश की प्लानिंग कहा जा सकता है और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को जवाब देना चाहिए।

**कांग्रेस ने मारा तंज**–वहीं कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का इस मामले में कोई बयान नहीं आया है। हालांकि, कांग्रेस प्रवक्ता अमित चौरसिया ने कहा कि यह निगम का चमत्कार हो सकता है। उन्होंने कहा, पूल बना नहीं और टाइल्स उखड़ गईं। इसे विकास कहें या फिर विनाश की प्लानिंग। इस मामले में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को जवाब देना चाहिए।

निगम अब तक तैराकी के लिए 1200 रुपए सालाना फीस लेता रहा है। वहीं, अब इस ठेकेदार के घोटाले और घटिया काम का खामियाजा भी आमजन को भुगतना होगा। माना जा रहा है कि नेहरू पार्क में बन रहे इस स्विमिंग पूल में तैराकी का शुल्क बढ़ाया जाएगा।

#### आर्थिक तंगी को झेल रहे निगम में ये हाल

नगर निगम आर्थिक तंगी को झेल रहा है। निगमायुक्त दिलीप यादव संपत्तिकर कलेक्शन बढ़ाने के रास्ते निकाल रहे हैं और कैंप लगा रहे हैं। वहीं अब संपत्ति कर चोरी की पहचान के लिए भी काम होगा। महापौर भी जानते हैं कि नए काम के लिए निगम के पास धन की भारी कमी है। नए कर्जे लेने के लिए अभी निगम की स्थिति नहीं है। इसके बाद भी इस तरह के फिजूल के घटिया कामों पर धनराशि खर्च हो रही है। आमजन के संपत्तिकर, जलकर का पैसा इसमें जा रहा है।

**छह करोड़ का स्विमिंग पूल**–मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे महापौर पुष्यमित्र भार्गव निगमायुक्त दिलीप यादव छह करोड़ का स्विमिंग पूल

# ऑब्जर्वर अपॉइंट करने से नकल करने वालों की घट गई संख्या

## इससे पहले नकल के मामले ज्यादा थे, परीक्षा के दौरान करीब 350-400 केस बनते थे

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की एमबीए और लॉ की फर्स्ट इयर की परीक्षा शुरु हो गई है। यह पहला मौका है जब परीक्षा में चिटिंग करने वाले छात्रों की संख्या महज 8-10 ही रही। प्रबंधन के अनुसार 25 हजार विद्यार्थियों की परीक्षा शुरु हुई है। पहले एक ही दिन में परीक्षा में 80-100 के लगभग नकल के मामले और पूरी परीक्षा के दौरान करीब 350-400 केस बनते थे. लेकिन जब से ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए है तब से इसकी संख्या नगण्य हो गई है। इसका कारण है विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा के लिए ऑब्जर्वर नियुक्त करना। परीक्षा के पहले विश्वविद्यालय की ओर से अधिकारियों को नियुक्त किया गया। ऑब्जर्वर परीक्षा के दौरान परीक्षा हॉल का नियमित रूप से निरीक्षण करते हैं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि कोई भी छात्र किसी भी प्रकार के अनुचित साधनों का उपयोग नहीं कर रहा है।

ऑब्जर्वर देखते हैं कि परीक्षा केंद्र पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं, जैसे बैठने की उचित दूरी, पेयजल की उपलब्धता सहित अन्य चीजे हैं या नहीं। प्रश्न पत्र के पैकेट खोलने के समय ऑब्जर्वर की उपस्थिति अनिवार्य होती है। परीक्षा होने के बाद, ऑब्जर्वर दैनिक रिपोर्ट, जिसमें उपस्थित और अनुपस्थित छात्रों की संख्या, कोई विशेष घटना, या किसी भी




मुद्दे का विवरण शामिल होता है, सीधे परीक्षा नियंत्रक को सौंपते हैं। प्रबंधन के अनुसार ऑब्जर्वर की नियुक्ति परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देती है। प्रबंधन के अनुसार पेपर लीक होने से रोकने के लिए प्रत्येक परीक्षा केंद्र के लिए ऑब्जर्वर तय किए जाते हैं। यह उच्च शिक्षा के मानकों को बनाए रखने, परीक्षा में अनुचित तरीकों पर रोक लगाने और सभी छात्रों को समान अवसर प्रदान करने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है।

# एमवाय की नई बिल्डिंग में 86 पेड़ बाधक

## कितने कटेंगे कितने हटेंगे अभी तक यह ही तय नहीं

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बढ़ती आबादी के कारण बढ़ रही मरीजों की संख्या और पुराने एमवाय हॉस्पिटल के विकल्प के चलते बनने वाले न्यू एमवाय हास्पिटल का काम शुरू करने के लिए भूमि पूजन हो चुका है मगर जिस जमीन पर नई बिल्डिंग बनाई जाना है, वहां पर वर्षों से खड़े पेड़ बाधा बन रहे हैं। मगर इनमे से कितने कटेंगे , कितने हटेंगे और इसके बदले कहां कितने पेड़ लगाए जाएंगे, यह अभी तक तय नहीं हुआ है।

मेडिकल कॉलेज प्रशासन के अनुसार न्यू एमवाय हॉस्पिटल लगभग 8 एकड़ जमीन पर बनना है । इस जमीन पर कई प्रजातियों के सालों पुराने लगभग 119 पेड़ हैं, जिसमें से 86 पेड़ों को हटाना सुनिश्चित है । इस मामले में 2 माह पहले कहा गया था कि इस संबंध में नगर निगम को जानकारी दे दी गई। अब यह नगर निगम को देखना है कि इसमें से कितने पेड़ कटेंगे और कितने विस्थापित किए जा सकेंगे। मगर अभीतक नगर निगम की तरफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। निगम कह रहा है कि पहले पेड़ों की जियो टैगिंग कराओ। इस मामले में जब सहायक उद्यान अधिकारी तेजप्रताप यादव से बात की तो उन्होंने स्पष्ट कहा हमने जियो टैगिंग संबंधित कोई बात नहीं की। हमने उनसे यह कहा है जो भी एजेंसी न्यू एमवाय हॉस्पिटल की बिल्डिंग बना रही है , जिस इंजीनियर के पास यह साइट है, वह बाधक बन रहे पेड़ों की प्रजाति के नाम, और उनके फोटो के अलावा पेड़ों की नम्बरिंग करके दे दे कि किस नम्बर का पेड़ किस प्रजाति का है, जिससे हम नंबरिंग की गई सूची के हिसाब से सर्वे करवा कर यह पता लगा सके कि कितने पेड़ काटने हैं और कितने पेड़ ट्रांसप्लांट किए जा सकते है। नगर निगम को अभ तक एमवाय अथवा मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने कोई सूची मतलब जानकारी नहीं दी है। जैसे ही वह हमें सूची देंगे, हम सर्वे करवाकर पेड़ों की बाधा दूर करने का काम शुरू कर देंगे। अब देखना यह है कि आखिर कब पेड़ हटेंगे, कब काम शुरू होगा। इस कछुआ चाल के चलते क्या तय की गई समय सीमा में इंदौर को न्यू हास्पिटल मिल पाएगा।

# बीआरटीएस मामले में फिर तारीख बढ़वाना चाहते थे अफसर, हाई कोर्ट ने लगाई फटकार

## कोर्ट ने पूछा- भोपाल में इतनी जल्दी कैसे टूटा, इंदौर में समय क्यों लग रहा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● शहर के बीआरटीएस को तोड़े जाने को लेकर हाई कोर्ट में लगी याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इसमें एक बार फिर अफसरों की तरफ से पक्ष रखा गया कि निर्वाचन का काम चल रहा है। इस कारण से सुनवाई के लिए अगली तारीख दी जाए। इस पर कोर्ट ने फटकार लगाई और दोपहर ढाई बजे कलेक्टर शिवम वर्मा, निगम कमिश्नर दिलीप यादव और ट्रैफिक डीसीपी को बुलवा लिया। यहां पर कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की तो कोर्ट ने एक बार फिर पूछा कि भोपाल में बीआरटीएस इतनी जल्दी कैसे हट गया। इंदौर में इतना ज्यादा समय क्यों लग रहा है। इस मामले में अगली सुनवाई 12 जनवरी 2026




को होगी।

हाई कोर्ट की डबल बैंच के आदेश पर 6 सदस्यीय कमेटी ने 15 दिन में किए गए तीन निरीक्षण के बाद अपनी रिपोर्ट कोर्ट में पेश कर दी। इसमें कमेटी ने बीआरटीएस को तोड़े जाने व तोड़ने के बाद उसकी रूपरेखा कैसी हो सकती है इसको लेकर अपनी बात रखी। कोर्ट में बहस के दौरान कमेटी ने कहा कि बीआरटीएस को तोड़े जाने के बाद डिवाइडर बनाने में टाइम लग रहा है तो फिर रस्सी बांधी जा सकती है या फिर प्लास्टिक के डिवाइडर रखे जा सकते हैं। इस पर अफसरों ने तर्क दिए कि रस्सी बांधने से एक्सीडेंट का खतरा रहेगा। हाई कोर्ट ने एक अन्य याचिका पर सुनवाई के बाद परिवहन समिति भी बनाने के आदेश दिए। जिसमें तीन एडवोकेट को रखा गया है।

# पिंजरे में आए तेंदुए को जांच के बाद जंगल में छोड़ा

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बायपास क्षेत्र की सहारा सिटी टाउनशिप में दहशत मचा रहा तेंदुआ आखिरकार वन विभाग के जाल में फंस ही गया। बुधवार सुबह करीब 6 बजे मुर्गे की तलाश में आया तेंदुआ पिजरे में फंस गया। बाद में वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और इसके बाद उसे चिड़ियाघर ले जाया गया, जहां जांच के बाद उसे देर शाम जंगल में छोड़ दिया गया। रहवासियों का कहना है कि यहां पर शावक समेत तीन तेंदुए थे। अभी एक ही तेंदुआ पकड़ में आया है। विभाग ने अभी पिजरे लगाए रखे हैं।

डीएफओ प्रदीप मिश्रा ने बताया कि बुधवार सुबह जब रहवासी तेज आवाज के बाद पिजरे के पास पहुंचे तो देखा कि पिजरे में तेंदुआ कैद हो गया है। इसके बाद हमें सूचना मिली। यह एक छह वर्षीय नर तेंदुआ था,



जिसकी जांच की तो वह पूरी तरह से स्वस्थ निकला। इसके बाद उसे देर शाम जंगल में छोड़ दिया गया। रहवासियों ने अन्य तेंदुए के होने की संभावना व्यक्त की है, इसलिए हम अभी भी पिजरा लगाकर रखेंगे। इधर, तेंदुए के पकड़े जाने की सूचना मिलते ही अन्य रहवासियों ने राहत की सांस ली, लेकिन खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। रहवासी एपी सिह का कहना है कि रहवासियों ने कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में तीन तेंदुए देखे थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शावक के अलावा एक और तेंदुआ भी क्षेत्र में हो सकता है। इससे पहले इलाके में मादा तेंदुआ और उसके शावक के पगमार्क मिले थे। इसी आधार पर पिजरा लगाया गया था। अब शावक की मौजूदगी की पुष्टि के लिए आसपास के खुले मैदान, झाड़ियों और कॉलोनी की चारदीवारी के पास सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### दहशत में थे रहवासी

एपी सिह ने बताया कि तेंदुए की लगातार आवाजाही के कारण लोग काफी समय से डरे हुए थे। स्थिति इतनी गंभीर हो गई थी कि कॉलोनी में तैनात निजी सुरक्षा गार्डों ने भी जान का खतरा बताकर ड्यूटी छोड़ दी थी। शाम होते ही लोग घरों में कैद हो जाते थे और बच्चों व बुजुर्गों को बाहर निकलने से रोक दिया गया था। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि जब तक सर्च ऑपरेशन पूरा न हो जाए, तब तक अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें और किसी भी गतिविधि की तुरंत सूचना दें।

# मंत्री के करीबी की कन्फेक्शनरी फैक्ट्री बंद, संजय जैसवानी, भाटिया की कंपनियों को भी नोटिस

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर में कन्फेक्शनरी के सबसे बड़े कारोबारी संजय जैसवानी के कारोबार में कारोबार में समस्या बढ़ रही है। एक साल पहले शुरू हुए विवादों ने असर अब दिखाना शुरू हो गया है। दो कंपनियों ने जैसवानी के केम्को ग्रुप को दिवालिया घोषित करने का नोटिस दे दिया है। वहीं बैंक ने भी नोटिस थमा दिया है। उधर ग्रुप के नेटवर्क में जुड़ी कंपनियां, फैक्टरियां बंद होना शुरू हो चुकी हैं। इसका असर सूबे के एक कैबिनेट मंत्री के करीबी पर भी जमकर पड़ा है। कन्फेक्शनरी कारोबारी संजय जैसवानी भी मंत्रीजी के बेहद करीबी हैं। इसी वजह से मंत्री के काम देखने वाले नौशाद ने एक कंपनी बनाई थी। नौशाद ने अपने रिश्तेदारों की डायरेक्टरशिप में सकाना भारत ट्वॉय कैंडी प्रालि नाम से कंपनी, फैक्ट्री शुरू की थी। अब यह फैक्ट्री बंद हो गई है। सकाना भारत की फैक्ट्री पर ताले डल गए हैं। इसके बीसीएम हाईट्स, विजयनगर स्थित ऑफिस पर भी ताले लगे हुए हैं। सकाना भारत में डायरेक्टर पद पर इरफान अली सैय्यद, सम्मान अफरोज खान व दिनेश मनवानी हैं। मनवानी, जैसवानी के केम्को ग्रुप की कई अन्य कंपनियों में भी डायरेक्टर पद पर हैं। वहीं सम्मान अफरोज खान के डायरेक्टरशिप वाली कंपनी सिविल सप्लाय प्रालि में नीतीश सिलावट भी डायरेक्टर थे। नीतीश सिलावट, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट के बेटे हैं। वहीं खान व सिलावट दोनों एक अन्य कंपनी समाइयरा एग्रीफूडस प्रालि में भी एक साथ डायरेक्टर रह चुके हैं। सकाना में विवादित डिब्बा कारोबारी अनुराग सोनी, अमित सोनी भी डायरेक्टर पद पर हैं। एमके बंदूकवाला, गजराज राठौर भी डायरेक्टर पद पर रह चुके हैं।

इसके साथ ही एचडीएफसी बैंक ने खालसा न्यूट्रिशियस इंडिया प्रालि को भी नोटिस थमाया है।

#### एचडीएफसी बैंक ने इन सभी को थमाया नोटिस

एचडीएफसी बैंक ने केम्को च्यू फूड प्रालि, खालसा, जीआरवी सभी को नोटिस थमाया है। यह नोटिस जीआरवी बिस्किट, संजय कलवानी और एम सिंह ग्रेवाल के नाम जारी हुआ है। गौरव अहलावत, साक्षी जैसवानी, विजय जैसवानी, और संजय जैसवानी के नाम भी इसमें शामिल हैं। इसके अलावा काजल जैसवानी, तरूण जैसवानी, सुप्रीमेस फूड्स प्रालि और केम्को च्यू फूड्स प्रालि के नाम भी हैं।

साथ ही, बैंक खाता एनपीए घोषित करने की बात कही है। इस कंपनी में दिनेश मनवानी व विजय जैसवानी डायरेक्टर हैं। इसमें जयविंदर सिंह भाटिया भी हिस्सेदार हैं, जो शराब कारोबारी पिंटू भाटिया के बेटे हैं। जिस कंपनी को लेकर रशियन नागरिक गौरव अहलावत के साथ जैसवानी के केम्को ग्रुप का विवाद शुरू हुआ था, वह जीआरवी बिस्किट भी बंद पड़ी है। बिजली कंपनी का भी बकाया है। साथ ही, मजदूरों को भी वेतन नहीं दिया गया है।

वहीं जीएसटी नंबर भी निलंबित किया जा चुका है। इसके साथ ही केम्को को भी एचडीएफसी बैंक ने नोटिस थमाया है। वहीं इन्सॉल्वेंसी यानी दिवालिया घोषित करने के लिए मिजूहू काप्सेव व ओक्सयजो कंपनी ने केस लगा दिया है। दोनों कंपनियों से ली गई लोन राशि केम्को ग्रुप ने नहीं चुकाई है। साल 2024 में अगस्त-सितंबर के दौरान यह विवाद जैसवानी के जरिए सीए को बंधक बनाने के साथ शुरू हुआ था। बाद में अहलावत के घर पर भी मारपीट हुई थी। साथ ही, बंधक बनाया गया और दस्तावेज लिए गए थे। मामला पुलिस तक गया था। जैसवानी ने आरोप लगाए कि इन्होंने उनके साथ धोखाधड़ी की है। वहीं रशियन नागरिक अहलावत ने आरोप लगाए कि कंपनी में धोखाधड़ी कर जीआरवी बिस्किट को हड़प लिया था। जिला कोर्ट में परिवाद के बाद जैसवानी व अन्य कई डायरेक्टर पर गंभीर धाराओं में केस हुआ था। वहीं, हाईकोर्ट ने इस परिवाद को खारिज कर दिया था। मामला अभी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। उधर जैसवानी ने भी अहलावत पर पांच करोड़ की धोखाधड़ी का केस कराया है। इस विवाद के बाद पूरे केम्को ग्रुप की हालत खराब हो गई है। जो आईपीओ लाकर पांच से दस हजार करोड़ जुटाने की मंशा थी वह खटाई में पड़ गई है। इसके बाद ग्रुप की हालत खराब होती गई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।